RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 अपनी आलोचनाओं से तिलमिलाई...

वर्ष : 26 | अंक : 48 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 08 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# सड़कों पर किसानों का संग्राम

## जगह-जगह पुलिस के साथ संघर्ष, कई हिरासत में






**नोएडा/ ग्रेटर नोएडा।** किसानों के दिल्ली कूच को लेकर आज नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में हजारों की संख्या में किसान सड़कों पर उतर गये। जगह-जगह पुलिस ने सड़क पर बैरीकेड लगाकर किसानों को रोकने का प्रयास किया। कई स्थानों पर किसानों तथा पुलिस के साथ संघर्ष होने की खबर है। खबर लिखे जाने तक किसानों व पुलिस में रस्साकसी चल रही थी। पुलिस ने कई किसानों को हिरासत में लिया है। वहीं कुछ स्थानों पर पुलिस के साथ झड़प् की भी खबरें हैं।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सैकड़ों गांवों के किसान दिल्ली कूच करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में आम लोगों को परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ रुट डायवर्जन की भी व्यवस्था की है। किसानों ने संसद भवन के घेराव करने की भी धमकी दी है।

किसानों के व्यापक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी विशेषकर दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके लिए यातायात व्यवस्था में भी कुछ बदलाव किया गया है और लोगों को कुछ मार्गों पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न सीमा प्रवेश बिंदुओं पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसी को भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।'

किसानों का आरोप है कि एनटीपीसी ने अलग अलग किसानों को समान मुआवजे की जगह अलग अलग मुआवजा दिया गया। वहीं 81 गांव के किसान नोएडा अथॉरिटी के खिलाफ धरना दे रहे हैं। किसानों की मांग है कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कवि विश्वास कुमार को राज्यसभा भेजेगी भाजपा, सूची में नाम शामिल





**लखनऊ (एजेंसी)।** अब उत्तर प्रदेश भाजपा के कोटे से प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास राज्यसभा में नजर आएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश से 35 दावेदारों की सूची बनाकर केन्द्रीय नेतृत्व को भेज दी है। उत्तर प्रदेश की सूची में कवि कुमार विश्वास का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में राज्यसभा के 10 सांसदों की सीटें खाली हो रही हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी के कोटे से अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, अनिल अग्रवाल, श्रीमती कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीबीएल नरसिंहाराव, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव तथा विजयपाल तोमर का कार्यकाल खत्म हो रहा है। उधर समाजवादी पार्टी के कोटे से फिल्म स्टार जया बच्चन का कार्यकाल खत्म हो रहा है। उप्र की इन सभी 10 राज्यसभा सीटों पर इसी महीने चुनाव होंगे। इस समय प्रदेश की विधानसभा में 401 विधायक हैं। इन 401 विधायकों के वोट से उप्र से 10 राज्यसभा सांसद चुने जांएगे। माना जा रहा है कि भाजपा कम से कम 8 राज्यसभा सीटें आसानी से जीत लेगी। दो सीटें उप्र में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के खाते में जाएंगी। भारतीय जनता पार्टी की उप्र की इकाई ने राज्यसभा के लिए 35 दावेदारों की एक सूची बनाकर केन्द्रीय नेतृत्व को भेजी है।

उप्र भाजपा के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया है कि राज्यसभा भेजे जाने वाले दावेदारों में सबसे ऊपर प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास का नाम है। कुमार विश्वास के एक निकटवर्ती सूत्र ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कुमार विश्वास ने भारतीय जनता पार्टी के कोटे से उप्र से राज्यसभा में जाने पर हामी भर दी है। अब तक कुमार विश्वास किसी भी पार्टी में शामिल होने की बात से मना करते रहे हैं। कुमार विश्वास की टीम से पहली बार यह पुष्टि हुई है कि कुमार विश्वास जल्दी ही राज्यसभा में नजर आएंगे।

भारतीय जनता पार्टी की उप्र की इकाई द्वारा तैयार की गई सूची में दूसरा बड़ा नाम लोक गायिका मालिनी अवस्थी का है। साथ ही कुमार विश्वास व मालिनी अवस्थी के साथ-साथ सुधांशु त्रिवेदी को एक बार फिर उप्र से राज्यसभा में भेजने की सहमति बन गई है। विजय पाल तोमर को भी फिर से राज्यसभा भेजे जाने की बात सामने आई है। इसके अलावा उप्र में भाजपा के संगठन से जुड़े हुए 5 और नेताओं को राज्यसभा में भेजने की तैयारी है। आपको यह भी बता दें कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नौसेना कर्मी को बिल्डर ने लगाया चूना

**● प्राधिकरण की फर्जी एनओसी दिखा विवादित फ्लैट बेचा**

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में कुछ तथाकथित बिल्डर तमाम तरह से लोगों को ठगने का काम करने में लगे हुए। बिल्डर की ठगी का शिकार हुए हैं भारतीय नेवी के एक जवान ने थाना फेस-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है की नोएडा प्राधिकरण की फर्जी एनओसी दिखाकर बिल्डर ने उसे विवादित जमीन पर बना फ्लैट बेच दिया। हैरानी की बात यह रही कि उक्त फ्लैट पर हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने लोन भी स्वीकृत कर दिया।

हरेंद्र सिंह ने दर्ज शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में भारतीय नेवी में लोनावाला पुणे महाराष्ट्र में कार्यरत है। उसने वर्ष 2017 में बिक्रलैंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड से ग्राम बसई बुराउद्दीन नगर में बनी मल्टी स्टोरी में एक फ्लैट खरीदा था। फ्लैट खरीदने के दौरान बिल्डर ने उसे नोएडा प्राधिकरण द्वारा जारी की गई एनओसी दिखाई। इस एनओसी में साफ लिखा था कि उक्त बिल्डिंग की जमीन पर नोएडा प्राधिकरण का कोई बकाया नहीं है।

हरेंद्र सिंह के मुताबिक बिल्डर ने उन्हें हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कंपनी से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ग्रेनो से आगरा तक नहर में वैभव का शव ढूंढने में जुटी पुलिस टीमें

### हत्या से व्यापारियों में आक्रोश, बाजार रहा बंद



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कस्बा बिलासपुर के व्यापारी के बेटे की हत्या का खुलासा होने के बाद पुलिस अब उसके शव की तलाश कर रही है। ग्रेटर नोएडा से लेकर आगरा तक पुलिस नहर में शव की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अलावा एनडीआरएफ की टीम भी शव खोजने में लगी हुई है। लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक सफलता नहीं मिली है। वहीं व्यापारी के बेटे की हत्या के बाद से बिलासपुर कस्बे में तनाव बना हुआ है। व्यापारियों ने आज दूसरे दिन भी इस घटना के विरोध में बाजार बंद रखा और मृतक के परिजन आज भी धरने पर बैठे रहे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## केस की तारीख पर आए युवक ने सल्फास खाकर दी जान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय में केस की तारीख भुगतने के बाद एक युवक ने सल्फास की गोलियां खा ली। हालत बिगड़ने पर युवक ने परिजनों को फोन कर खुद को बचाए जाने की गुहार लगाई। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची दादरी पुलिस ने युवक को उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सलारपुर गांव निवासी सोनू उर्फ सरवन का सूरजपुर स्थित न्यायालय में एक मुकदमा विचाराधीन है। बुधवार को वह मुकदमे की तारीख पर सूरजपुर आया था। तारीख पर पेश होने के बाद वह अपनी बाइक लेकर दादरी की तरफ चला गया। दोपहर के बाद उसने परिजनों को फोन कर बताया कि उसने सल्फास की गोलियां खा ली हैं और उसकी हालत बिगड़ रही है। सोनू ने परिजनों से फोन पर खुद को बचाए जाने की गुहार लगाई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### क्राइम फाईल

## प्लास्टिक दाने की 51 बोरी समेत चोर दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 पुलिस ने चोरी के प्लास्टिक दानों की 51 बोरियों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि एनएसईजेड बाउंड्री पुश्ता के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक के दानों से भरी बोरियों के साथ खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत छापा मारकर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सद्दाम हुसैन उर्फ भूरे पुत्र गफ्फार निवासी रामपुर शाहपुर थाना चंदौस अलीगढ़ बताया। आरोपी हाल में नागला चरण दास गांव में किराए पर रह रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद से प्लास्टिक के दानों से भारी 51 कट्टे बरामद हुए। प्रत्येक कट्टे पर पॉलीप्रोपिल इंडियन ऑयल प्रोपेल लिखा हुआ था। पूछताछ के दौरान सद्दाम ने बताया कि कोई व्यक्ति गाड़ी से इन कट्टों को उतारकर चला गया था। लालच के कारण उसने इनको अपने कब्जे में ले लिया था और वह इन्हें बेचने की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## रोडरेज के विवाद में मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के पास कार की दूसरी कार से हल्की टक्कर लगने के बाद दबंगों ने एक व्यक्ति के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम जुनेदपुर की मढैया निवासी प्रशांत नगर ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपने भाइयों के साथ जा रहे थे। उनकी कार जैसे ही सलेमपुर गांव के पास पहुंची तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो कार सवार अजय, सुभाष और अमन ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान मौके से गुजर रहे लोग इकट्ठा हो गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## नशे से तौबा करें छात्र-छात्राएं : ऋचा उपाध्याय

### नीमका के प्राथमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**नोएडा (चेतना मंच)।** अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय ग्राम नीमका जेवर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं नशे से तौबा करें। उन्होंने संचालित योजनाओं जैसे नि:शुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संदिग्ध अवस्था में मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के ऐच्छर गांव में घर में सो एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत हो गई। मौत के कारणों का पता जानने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

ऐच्छर गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र उदयवीर सिंह बीती रात्रि खाना खाने के बाद अपने घर में सोए थे। सुबह जब देर तक सोकर नहीं उठे तो परिजन उन्हें जगाने के लिए पहुंचे वह अपने बिस्तर पर बेसुध अवस्था में पड़े हुए थे। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कर्म का पता चल पाएगा।

## एकाउंटेंट ने हड़पे कंपनी के 20 लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 में एक व्यक्ति ने अपने कंपनी के पूर्व अकाउंटेंट के खिलाफ धोखाधड़ी तथा जालसाजी कर 20 लाख रूपए हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। अकाउंटेंट ने धोखाधड़ी से कंपनी के पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया।

मूल रूप से दिल्ली निवासी नरेंद्र कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी सेक्टर-70 में फ्रेंड्स टेक्निकल एसोसिएट्स के नाम से फर्म है। नवंबर माह वर्ष 2022 में उन्होंने झिलमिल कॉलोनी दिल्ली निवासी दिलखुश झा को अपने कंपनी में अकाउंटेंट नियुक्त किया था। दिलखुश झा ने तैनाती के कुछ समय बाद ही धोखाधड़ी तथा छल कपट कर कंपनी के 2009000 रूपये अपने व्यक्तिगत खाते में ट्रांसफर कर लिए।

व्यापारिक सहयोगियों को पेमेंट करने के लिए धनराशि की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें 26 जून को पता चला कि खाते में पैसे नहीं है। उन्होंने जब पड़ताल की तो पता चला कि दिलखुश झा ने 2009000 अपने खाते में गलत तरीके से ट्रांसफर कर लिए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## निठारी में दुकान की चोरी का खुलासा

### दो गिरफ्तार, पेंट के डिब्बे व नकदी बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।**

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने निठारी गांव में एक हार्डवेयर की दुकान में हुए चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है।

निठारी चौकी प्रभारी सत्यवीर सिंह परमार ने बताया कि बीते दिनों निठारी गांव में शर्मा ट्रेडिंग कंपनी पेंट की दुकान का ताला काट कर चोरों ने पेंट की बाल्टी व डिब्बे चोरी कर लिए थे। पुलिस ने जब दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली तो अहम सुराग हाथ लगे। सीसीटीवी फुटेज में चोरी में प्रयुक्त एक माल वाहक ऑटो की जानकारी मिली। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी की घटना में शामिल चोर सेक्टर-31 के पास खड़े हुए हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस ने अरविंद और सोनू मिश्रा तथा पिंटू पुत्र भोला मुखिया को दबोच लिया। इनके पास से तमंचा कारतूस व 8 हजार रूपए की नगदी बरामद हुई। अरविंद और सोनू मिश्रा ने बताया कि बीते 3 फरवरी को प्रदीप कुमार व पुनीत पंडित उसके पास आए। उन्होंने निठारी गांव की एक हार्डवेयर की दुकान में चोरी करने का प्लान बनाया। इसी प्लान के तहत उन्होंने 4 फरवरी को तड़के शर्मा ट्रेडिंग कंपनी के शटर का ताला काट कर पेट के 44 डिब्बे चोरी कर ऑटो में रख लिए। इसके बाद उन्होंने पिंटू को 50 हजार रूपए में चोरी के डिब्बे बेच दिए।

चौकी प्रभारी ने बताया कि पकडा गया पिंटू सेक्टर-31 में ही शिवा पेट के नाम से दुकान चलाता है पिंटू आरोपियों से चोरी का माल खरीदता था। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा देश : स्मृति ईरानी

### अर्पित मिश्रा की 'काव्यांजलि' युवाओं के लिए बनेगी प्रेरणास्रोत : डा. महेश शर्मा







**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश ने जो कई ऐतिहासिक आयाम हासिल किए हैं। वह पिछले 70 वर्षों में नहीं हो पाये थे। यह बात कही अमेठी की सांसद तथा केन्द्रीय महिला एंव बाल विकास तथा अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने।

वे सेक्टर-62 स्थित डीएमई कॉलेज में काव्यांजलि कविता संग्रह का विमोचन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इसके पूर्व विधिवत काव्यांजलि का विमोचन किया। उनके साथ गौतमबुद्धनगर के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण अग्रवाल भी मौजूद थे।

काव्यांजलि की कुछ कविताओं का वाचन करते हुए स्मृति ईरानी ने अर्पित मिश्रा के अद्भुत लेखन की प्रशंसा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में काव्यांजलि की कविताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अर्पित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश की अनेक समस्याओं का समाधान हुआ है। धारा-370 को हटाना हो अथवा महिला आरक्षण बिल पास करना हो ये सभी (शेष पृष्ठ-3 पर)



# लोकतंत्र की हत्या

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधलेबाजी पर देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की टिप्पणी सामने आई है कि यह लोकतंत्र के साथ भद्दा मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। निर्वाचन अधिकारी पर मुकदमा चलाकर सजा दी जानी चाहिए। यह साफ देखा जा सकता है कि निर्वाचन अधिकारी मतपत्रों को 'विकृत' कर रहे हैं। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? हम यह देखकर हैरान हैं।' जस्टिस चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी पराकाष्ठा की है। अलबत्ता वह बेहद संयम के साथ अपनी प्रतिक्रिया देते रहे हैं। इस प्रकरण में सवाल और संदेह तत्कालीन राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय और चुनाव आयोग की भूमिकाओं पर भी हैं। पुरोहित ने राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर इस कलंक से बचने का प्रयास किया है। उच्च न्यायालय इस मामले में 'अंतरिम आदेश' दे सकता था। उसमें वह असफल रहा। यह टिप्पणी भी प्रधान न्यायाधीश की है। चुनाव आयोग की बुनियादी जिम्मेदारी ही देश भर में निष्पक्ष चुनाव कराने की है। उसकी क्षमताओं और चुनाव प्रबंधन का डंका विश्व भर में बजता रहा है। कई देश हमारे चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए आमंत्रित भी करते रहे हैं, लेकिन एक मेयर के चुनाव में ऐसी कलंकित धांधलेबाजी सामने आई है। खुद चुनाव आयोग ने त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की? आखिर सर्वोच्च अदालत तक याचिका देने की नौबत ही क्यों आई? बहरहाल अब मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है, तो संभव है कि चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर का चुनाव दोबारा कराया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार के पास मेयर चुनाव से जुड़े तमाम दस्तावेज जमा कराने के आदेश दिए हैं। मतपत्र-वीडियोग्राफी सुरक्षित रखने का आदेश देते हुए कहा है कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया का वीडियो पेश किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। गौरतलब है कि चंडीगढ़ नगर निगम में 'आप' और कांग्रेस के 20 पार्षद हैं और भाजपा के 16 पार्षद हैं। हमने दो टीवी चैनलों पर उस मौलिक, असंपादित फुटेज का प्रसारण देखा है, जिसमें निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह मतपत्रों पर हस्ताक्षर भी कर रहे हैं, लेकिन कुछ मतपत्रों पर दाहिनी तरफ पेन से कुछ निशान भी बना रहे हैं। उन आठ मतपत्रों को ही बाद में 'अवैध' करार दिया गया, नतीजतन भाजपा का मेयर बहुमत न होने के बावजूद 'विजेता' घोषित कर दिया गया। 'आप'-कांग्रेस के 40 फीसदी वोट एकसाथ ही अवैध करार दिए गए, यह अभूतपूर्व, आश्चर्यजनक निर्वाचन रहा। वैसे 2016 में हरियाणा में राज्यसभा चुनाव थे। उसमें विपक्ष के 12 वोट अवैध करार दिए गए, क्योंकि उन पर अलग पेन और स्याही का इस्तेमाल किया गया था। यह लोकतंत्र की बदकिस्मती है कि अब भी ऐसी बेशर्म धांधलियां की जा रही हैं। बहरहाल चैनलों पर दिखाए गए फुटेज में निर्वाचन अधिकारी बार-बार सीसीटीवी कैमरे की ओर देख रहे हैं। अदालत ने भी संशय व्यक्त किया है कि निर्वाचन अधिकारी कैमरे की ओर बार-बार क्यों देख रहे हैं? वह भगोड़े की तरह क्यों भाग रहे हैं? अब उन पर सुप्रीम अदालत की निगाह है। दरअसल चुनाव में यह धांधली एक पूरा षड्यंत्र लगता है, क्योंकि सदन में कुछ ऐसे चेहरे भी दिखाई दे रहे हैं, जो कैमरे की दिशा बदलने के संकेत कर रहे हैं। कुछ गालियां भी दे रहे हैं। अनिल मसीह चंडीगढ़ भाजपा के एक प्रकोष्ठ में महासचिव रहे हैं। सवाल तो यही है कि उन्हें यह दायित्व क्यों सौंपा गया?

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे पक्षीश्रेष्ठ! इससे दास का नाश नहीं होता और भेद भक्ति बढ़ती है। श्री रामजी ने मुझे जब भ्रम से चकित देखा, तब वे हँसे। वह विशेष चरित्र सुनिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तेहि कौतुक कर मरमु न काहूँ। जाना अनुज न मातु पिताहूँ॥**
**जानु पानि धाए मोहि धरना। स्यामल गात अरुन कर चरना॥**

उस खेल का मर्म किसी ने नहीं जाना, न छोटे भाइयों ने और न माता-पिता ने ही। वे श्याम शरीर और लाल-लाल हथेली और चरणतल वाले बाल रूप श्री रामजी घुटने और हाथों के बल मुझे पकड़ने को दौड़े॥

**तब मैं भागि चलेउँ उरगारी। राम गहन कहँ भुजा पसारी॥**
**जिमि जिमि दूरि उड़ाउँ अकासा। तहँ भुज हरि देखउँ निज पासा॥**

हे सर्पों के शत्रु गरुड़जी! तब मैं भाग चला। श्री रामजी ने मुझे पकड़ने के लिए भुजा फैलाई। मैं जैसे-जैसे आकाश में दूर उड़ता, वैसे-वैसे ही वहाँ श्री हरि की भुजा को अपने पास देखता था॥

**दो0-ब्रह्मलोक लगि गयउँ मैं चितयउँ पाछ उड़ात।**
**जुग अंगुल कर बीच सब राम भुजहि मोहि तात॥**

मैं ब्रह्मलोक तक गया और जब उड़ते हुए मैंने पीछे की ओर देखा, तो हे तात! श्री रामजी की भुजा में और मुझमें केवल दो ही अंगुल का बीच था॥

**सप्ताबरन भेद करि जहाँ लगें गति मोरि।**
**गयउँ तहाँ प्रभु भुज निरखि ब्याकुल भयउँ बहोरि॥**

सातों आवरणों को भेदकर जहाँ तक मेरी गति थी वहाँ तक मैं गया। पर वहाँ भी प्रभु की भुजा को (अपने पीछे) देखकर मैं व्याकुल हो गया॥

**मूदेउँ नयन त्रसित जब भयउँ। पुनि चितवत कोसलपुर गयऊँ॥**
**मोहि बिलोकि राम मुसुकाहीं। बिहँसत तुरत गयउँ मुख माहीं॥**

जब मैं भयभीत हो गया, तब मैंने आँखें मूँद लीं। फिर आँखें खोलकर देखते ही अवधपुरी में पहुँच गया। मुझे देखकर श्री रामजी मुस्कुराने लगे। उनके हँसते ही मैं तुरंत उनके मुख में चला गया।

क्रमशः

# चुनावी साल का संयमित बजट

विपक्ष के इंडी गठबंधन की नाव डूबती देख इस पर सवार राजनीतिक दलों में कूद कर अपनी जान बचाने की होड़ देखने को मिल रही है। इंडी गठबंधन की नाव को जिन नीतीश कुमार ने तैयार किया था वही सबसे पहले यहां से दूसरी तरफ कूद गये जिससे नाव का संतुलन गड़बड़ा गया। मौका देख ममता बनर्जी ने भी इस नाव से दूरी बना ली और अब राष्ट्रीय लोक दल भी इससे कूदने के लिए पूरी तरह तैयार है। आम आदमी पार्टी भी इंडी गठबंधन की नाव से कूदने के लिए अपना सामान समेट रही है। इस गठबंधन में अब जो दल बचे हैं वह या तो आपस में ही लड़ रहे हैं या उन दलों के भीतर ही भितरघात देखने को मिल रही है जिसके चलते किसी का चुनाव चिह्न खतरे में पड़ गया है तो किसी की पार्टी का मालिकाना हक किसी और के पास चला गया है। विपक्ष की यह स्थिति देख अब प्रधानमंत्री मोदी के संसद में दिये गये संबोधन की वह बात किसी को अतिश्योक्ति नहीं लग रही कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले दम पर 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 400 के पार जायेगा।

विपक्षी गठबंधन की हालत से देश के सामने एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि बेमेल विचारधारा वाला यह गठबंधन सिर्फ सत्ता स्वार्थ के लिए बना था। जहां तक राष्ट्रीय लोक दल की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका भाजपा के साथ आना तय हो चुका है। एकाध दिनों में इसकी घोषणा हो सकती है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि राष्ट्रीय लोक दल का भाजपा में विलय भी संभव है लेकिन अगर विलय नहीं हुआ तो गठबंधन होना पक्का है। हम आपको याद दिला दें कि भाजपा ने राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन का प्रयास उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी किया था लेकिन तब जयंत चौधरी ने साथ आने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय लोक दल 2014 से सभी चुनाव विपक्षी दलों के साथ मिलकर लड़ा है लेकिन इसका उसे कोई ज्यादा लाभ नहीं हुआ। हालांकि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में जरूर समाजवादी पार्टी से गठबंधन का रालोद को फायदा हुआ था साथ ही सपा कोटे से जयंत चौधरी को राज्यसभा की सदस्यता भी मिल गयी थी।

लेकिन अब छोटे चौधरी के नाम से मशहूर जयंत चौधरी के पाला बदलने की अटकलों से विपक्षी खेमा बेचैन दिख रहा है। क्योंकि बात यह नहीं है कि छोटा दल गठबंधन से बाहर जा रहा है या बड़ा दल, बात यह है कि लंबे समय से गठबंधन में साथ रहा दल अब दूसरे के साथ जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में



**विपक्षी गठबंधन की हालत से देश के सामने एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि बेमेल विचारधारा वाला यह गठबंधन सिर्फ सत्ता स्वार्थ के लिए बना था। जहां तक राष्ट्रीय लोक दल की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका भाजपा के साथ आना तय हो चुका है।**

अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी के साथ एक फोटो ट्वीट करते हुए ऐलान किया था कि रालोद के लिए गठबंधन में सात लोकसभा सीटें दी गयी हैं। लेकिन यह सात सीटें कौन-सी होंगी इसका ऐलान नहीं किया गया था। इस बात से जयंत चौधरी नाराज बताये जा रहे थे। जयंत चौधरी ने राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस से कुछ सीटें अपने लिये मांगी थीं लेकिन कांग्रेस की ओर से स्पष्ट इंकार कर दिये जाने के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी थी। इसलिए जब भाजपा की ओर से इस बार गठबंधन का प्रस्ताव आया तो उसे जयंत चौधरी मना नहीं कर सके। बताया जा रहा है कि भाजपा के साथ जाने पर जयंत चौधरी को मथुरा, कैराना, अमरोहा और बागपत सीटें मिल सकती हैं। अभी इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी तीनों सीटें भाजपा के पास हैं। बताया जा रहा है कि जयंत चौधरी भाजपा के प्रस्ताव को स्वीकार करने का मन बना चुके हैं क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी के क्षेत्रीय दल के दर्जे को बचाना है। यदि उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार इन लोकसभा चुनावों में मत हासिल नहीं किये तो संभव है कि उनका चुनाव चिह्न नल भी छिन जाये। जयंत चौधरी यह बात समझ रहे हैं कि भले समाजवादी पार्टी उन्हें लड़ने के लिए ज्यादा सीटें दे दे लेकिन सीटें जीतने की ज्यादा संभावना भाजपा के साथ मिलकर लड़ने में ही है।

दूसरी ओर भाजपा भी यह समझ रही है कि किसान आंदोलन के दौरान से नाराज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट मतदाताओं को पूरी तरह तभी साधा जा सकता है जब राष्ट्रीय लोकदल साथ आ जाये। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा चुनावी नुकसान पश्चिमी क्षेत्र में ही हुआ था। 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा का प्रदर्शन इस क्षेत्र में अपेक्षा के अनुरूप नहीं था इसलिए भाजपा 2024 में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती। भाजपा का प्रयास है कि इस बार उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल की जाये और इसके लिए तमाम प्रयास किये भी जा रहे हैं। ऐसी भी चर्चा सामने आई कि जयंत चौधरी ने पांच से सात लोकसभा सीटों की मांग रखी थी लेकिन भाजपा की ओर से चार सीटों का ही वादा किया गया है। भाजपा को पता है कि यदि जयंत को ज्यादा सीटें दी गयीं तो उत्तर प्रदेश की अन्य सहयोगी पार्टियां अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी भी ज्यादा सीटें मांगेंगी। बताया जा रहा है कि गठबंधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में जगह दी जा सकती है और लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में भी एक पद मिल सकता है।

इस तरह की भी चर्चा है कि जयंत चौधरी की पार्टी 12 फरवरी से पहले भाजपा के साथ आ सकती है और जब 12 फरवरी को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मुजफ्फरनगर पहुँचेंगे तो जयंत चौधरी भी साथ होंगे। हम आपको बता दें कि नड्डा लोकसभा चुनाव से पहले मुजफ्फरनगर से पार्टी के एक महीने के ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता मोदी सरकार के जन-कल्याणकारी कदमों को रेखांकित करने के अलावा चुनाव घोषणापत्र के लिए किसानों और मजदूरों सहित ग्रामीण आबादी से सुझाव मांगेंगे। पार्टी के सदस्य लोगों से संवाद के दौरान गांवों में गायों और कृषि उपकरणों की पूजा भी करेंगे। देखा जाये तो नड्डा ने इस कार्यक्रम की शुरुआत के लिए मुजफ्फरनगर का चयन कर बड़ा राजनीतिक संदेश भी दिया है क्योंकि यह क्षेत्र मोदी सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध का केंद्र था। हालांकि बाद में केंद्र ने उन कानूनों को वापस ले लिया था लेकिन आंदोलन में भाग लेने वाले किसानों की नाराजगी अब तक दूर नहीं हुई है।

बहरहाल, जहां तक इंडी गठबंधन की बात है तो बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसके कुछ और घटक या उन घटकों के बड़े नेता सत्तारुढ़ एनडीए का दामन थाम सकते हैं क्योंकि देश के राजनीतिक मिजाज से सभी वाकिफ हैं। सभी इस बात को समझ रहे हैं कि देश की ताजा राजनीतिक स्थिति यही है कि दस साल के शासन के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता कम होने की बजाय देश-विदेश में और बढ़ी ही है।

**-नीरज कुमार दुबे**

# न्याय प्रणाली में सुधार कैसे हो?

***विधि आयोग की सिफारिशों में इस बात पर जोर दिया गया है कि लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए छुट्टियों के दिनों में कटौती की जानी चाहिए। अमरीकी विचारक अलेक्जेंडर हैमिल्टन ने कहा था, 'न्यायपालिका राज्य का सबसे कमजोर तंत्र होता है, क्योंकि उसके पास न तो धन होता है और न ही हथियार। धन के लिए न्यायपालिका को सरकार पर आश्रित रहना होता है और अपने दिए गए फैसलों को लागू कराने के लिए उसे कार्यपालिका पर निर्भर रहना होता है।' ऐसे कई मामले हैं जिन्हें केवल बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है।***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि न्याय प्रदान करने वाली कानूनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने की जरूरत है। वैसे तो हमारी न्याय प्रणाली दुनिया के अनेक देशों से बेहतर है, फिर भी इसमें रचनात्मक सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। भारत की न्याय प्रणाली विश्व की सबसे पुरानी प्रणालियों में से एक है, जो अंग्रेजों ने औपनिवेशिक शासन के दौरान बनाई थी। देश में कई स्तर की अदालतें मिलकर न्यायपालिका बनाती हैं। भारत की शीर्ष अदालत नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय है और उसके तहत विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालय हैं। उच्च न्यायालयों के मातहत जिला अदालतें और उनकी अधीनस्थ अदालतें हैं जिन्हें निचली अदालतें कहा जाता है। इनके अलावा ट्रिब्यूनल, फास्ट ट्रैक कोर्ट, लोक अदालतें आदि मिलकर न्यायपालिका की रचना करते हैं। भारत में संविधान निर्माताओं ने शासन के तीनों अंगोंजविधानपालिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका को एक समान शक्तियां दी हैं। एक समान शक्तियां प्राप्त होने के बावजूद न्यायपालिका (सर्वोच्च न्यायालय) को ही संविधान का संरक्षक कहा गया है। न्याय की बात जहां आती है, वहां कुछ बड़ी सैद्धांतिक बातें सामने आने लगती हैं। मसलन न्याय में विलंब अन्याय है, वादकारी का हित सर्वोच्च है, इत्यादि, पर जब व्यवहार में हम देखते हैं तो ठीक इसके विपरीत नजर आता है। प्रक्रियात्मक खामियों के अलावा सिस्टम में व्याप्त कदाचार, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के साथ कुटिलता से किसी मामले को अनंत काल तक लटकाए रखने एवं न्याय में विलंब होने और 'तारीख पर तारीख' की त्रासदी सामने आती है। बॉलीवुड स्टार सन्नी दियोल का मशहूर फिल्मी डायलॉग 'तारीख पर तारीख' अब रोजमर्रा की भाषा का हिस्सा बन गया है।

यह कटु सत्य है कि न्याय प्रणाली की कुछ कमियों के चलते अनेक वादकारियों को प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के कारण कई बार न तो समय से न्याय मिल पा रहा है, न ही उनकी पीड़ा का कोई तारणहार है। वे न्याय प्रणाली के अंतिम पायदान पर असहाय पड़े रहने के लिए अभिशप्त हैं। यही कारण है कि समाज में मौके पर ही न्याय की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और आए दिन देश के किसी न किसी हिस्से में घटित हो रही है। इसे क्या न्याय की संज्ञा नहीं दी जा सकती है? तारीख पर तारीख के कई कारण विदित हैं, जैसे कि बार (वकील) और बेंच (अदालतें) न्यायिक प्रक्रिया के मूल आधार हैं। अदालतों में मुकदमों का अंबार लगने का सबसे बड़ा कारण है धीमी सुनवाई। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की तुलना में निचली और जिला अदालतों की हालत ज्यादा खराब है। मुकदमों की शुरुआत यहीं से होती है और जिस मात्रा में मुकदमे दायर होते हैं, उस अनुपात में निपटारा नहीं होता। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय कई बार



समयबद्ध सुनवाई करने का आदेश देते भी हैं, लेकिन जजों की कमी भी सुनवाई को प्रभावित करती है। पुलिस के पास साक्ष्यों के वैज्ञानिक संग्रहण हेतु प्रशिक्षण का अभाव है। इसके अतिरिक्त कुछ अधिकारी प्रायः अपने कर्त्तव्यों को पूरा करने में विफल रहते हैं जिससे सुनवाई में अत्यधिक विलंब हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति पर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच गतिरोध भी बना रहता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय करने का काम अभी भी अधर में ही लटका हुआ है। रूल ऑफ लॉ इंडेक्स रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रशासनिक एजेंसियां बेहतर प्रदर्शन नहीं करती और न्यायिक प्रणाली की गति बहुत धीमी है। इसकी मुख्य वजह अदालत में मामलों की बेतहाशा बढ़ती संख्या और कार्यवाही में होने वाली देरी है।

वैसे तो सुप्रीम कोर्ट हो या हाईकोर्ट, प्रति व्यक्ति न्यायाधीशों की संख्या अत्यंत सीमित होने के कारण मुकदमों के निस्तारण में विलंब होता है, पर निचली अदालत में वादकारियों को न्याय मिलने में अत्यंत पीड़ादायक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और वे प्रणालीगत उत्पीडन् के शिकार बनकर रह जाते हैं। उनका इतना अधिक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक शोषण होता है कि आम तौर पर लोग पुलिस, अदालत जाने के नाम से ही घबराने लगते हैं। साथ ही कुछ लोगों में कानून अपने हाथ में लेने की प्रवृत्ति बढने् लगती है। अनेक लोगों का सत्र न्यायालय में या निचली अदालतों में यह अनुभव बड़ा ही कड़वा और पीड़ादायक होता है। यहां पर प्रधानमंत्री जी की इच्छा अनुसार न्याय प्रणाली को अनुकूल बनाने की कवायद और भी जरूरी लगती है। न्याय प्रणाली को लचीला और अनुकूल बनाने की दिशा में इस समय आईटी सेक्टर प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की वजह से न्यायिक प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। सूचना प्रौद्योगिकी ने न्यायिक प्रणाली को आसान कर दिया है। आम लोगों के लिए न्यायिक प्रणाली अब सुलभ हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी ने सिस्टम को आम लोगों के लिए बहुत आसान बना दिया है। ऑनलाइन सिस्टम से काम करने में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आज हम लगभग सभी निर्णयों तक पहुंच सकते हैं, जो हमारे लिए और आभासी प्रणाली के साथ उपलब्ध हैं। इस समय कानूनी प्रक्रिया में क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग करने की आवश्यकता है। यदि हम न्याय तक पहुंच की बात करते हैं, तो अंततः प्रचलित भाषा को किसी अन्य भाषा का स्थान लेना होगा। न्यायिक सुधारों को लेकर विधि आयोग ने कई सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपी हैं, जिनमें कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, लेकिन इस दिशा में कोई गंभीर पहल अब तक नहीं हो पाई है।

विधि आयोग ने अपनी हर सिफारिश में न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की कमी को पूरा करने का सुझाव दिया है। आज न्यायपालिका के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है अदालतों में मुकदमों के बोझ को कम करना। यह तभी संभव होगा जब न्यायालयों में कार्य अवधि की सीमा बढ़ेगी। जिन राज्यों में मुकदमों का बोझ अधिक है, वहां विशेष अदालतें गठित करने का भी सुझाव दिया गया है। उच्च न्यायालय का विकेंद्रीकरण, यानी सभी राज्यों में इसकी खंडपीठ का गठन किया जाए, ताकि मुकदमों के निस्तारण में तेजी आए। विधि आयोग की सिफारिशों में इस बात पर जोर दिया गया है कि लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए छुट्टियों के दिनों में कटौती की जानी चाहिए। अमरीकी विचारक अलेक्जेंडर हैमिल्टन ने कहा था, 'न्यायपालिका राज्य का सबसे कमजोर तंत्र होता है, क्योंकि उसके पास न तो धन होता है और न ही हथियार। धन के लिए न्यायपालिका को सरकार पर आश्रित रहना होता है और अपने दिए गए फैसलों को लागू कराने के लिए उसे कार्यपालिका पर निर्भर रहना होता है।' जब भी हम न्याय तक पहुंच या कानूनी प्रणाली के कामकाज की बात करते हैं तो हम हमेशा अदालती मामलों के बारे में सोचते हैं, लेकिन ऐसे कई मामले हैं जिन्हें केवल बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि छोटे-छोटे मामलों को मिल-बैठ कर सुलझा लिया जाए और अदालतों को बोझिल होने से बचा लिया जाए?

**-डा. वरिंद्र भाटिया**
**कालेज प्रिंसीपल**

# राशिफल

**माघ कृष्ण- त्रयोदशी** **(विक्रम संवत् 2080)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वयं के स्वास्थ्य के लिए थोड़ा सा एक दिन खराब रहेगा। जीवनसाथी से थोड़ी से पंगेबाजी कम करिएगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमपूर्वक जीवन जिएंगे। नौकरी चाकरी की भी स्थिति अच्छी रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)**
रुका हुआ काम चल पड़ेगा। स्वास्थ्य थोड़ा नरम गरम, प्रेम संतान भी आपका थोड़ा नरम-गरम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा आपको। थोड़ा सा महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम संतान अच्छा है। कुल मिलाकर शुभ समय कहा जाएगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति ठीक है। अपनों का साथ है। स्वयं एक ऊर्जावान व्यक्ति की तरह एक्ट करेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जुबान पर नियंत्रण रखें और अभी निवेश न करें। बाकी स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहे जाएंगे। जीवनसाथी से बहुत नजदीकी बढ़ेंगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। जीवन साथी से थोड़ा दुराव रहेगा।

**मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
घर के लोग और प्रेम आपका व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ होगा। प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा चल रहा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्यवश काम बनेंगे। यात्रा में लाभ होगा। धर्म कर्म हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

## बेटी बचाओं में टी-20 ट्राफी में क्रिकेटर विनायक ठाकुर का चयन





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बेटी बचाओं टी-20 ट्राफी में गूजर कालौनी दादरी के निवासी विनायक ठाकुर क्रिकेटर का दिल्ली टाईगर टीम में चयन हुआ है। बेटी बचाओं टी-20 ट्राफी में खिलाडियों की नीलामी हुई। जिसका सीधा प्रसारण यूटयूव पर किया गया।

जिसमें विनायक ठाकुर (बेस प्राइस रूपये 10 हजार) को दिल्ली टाईगर ने रूपये 38 हजार में खरीदा। विनायक ठाकुर अपनी माॅ या बहन के नाम की जर्सी पहनकर खेलते हुए नजर आयेगें। जिससे इनकी कालौनी में खुशी की लहर है। भारतीय किसान यूनियन (बलराज) प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने विनायक ठाकुर को बधाई दी है।

## डेरीन गुजरान में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गाँव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर ने दनकौर देहात क्षेत्र के गाँव डेरीन गुजरान में जनसंपर्क किया तथा चौपाल लगाकर स्थानीय नागरिकों से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जल्द कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने सभी योजनाएं धरातल पर पूर्ण रूप से लागू हो रही है अथवा नहीं इसके विषय में ज़मीनी फीडबैक लिया इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने बताया कि ने उनको सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समय से मिल रहा है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने पेंशन से संबंधित समस्या बतायी तथा गाँव में अलग पोलिंग स्टेशन बनाए जाने की माँग की। जिस पर नागर ने मौक़े से ही स्थानीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अधिकारियों से वार्ता कर समाधान करवाया। इस अवसर पर अखिलेश नागर, लक्ष्मण जाटव माँ,रतन जाटव, मोहित जाटव, राजकुमार जाटव, हरिश्चंद्र जाटव, नीरज वाल्मीकि, सुमित्रा बाल्मीकि, प्रताप नागर, योगेंद्र नागर, सुरेंद्र नागर, नरेंद्र नागर, शैलेश नागर, अंकित नागर, अमित नागर, प्रशांत नागर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## एसडीएम का हुआ स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी तहसील में भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) संगठन के पदाधिकारियों ने दादरी के नवनियुक्त एसडीएम विवेकानंद मिश्रा का स्वागत किया।

इस दौरान किसान नेता राजकुमार रूपबास, अशोक भाटी, प्रदेश सचिव कपिल खारी, जिला उपाध्यक्ष मनोज भाटी, नगर अध्यक्ष गीता नागर, ग्रेटर नोएडा महानगर अध्यक्ष अमित मुखिया, जगबीर भाटी, योगेश भाटी, शशि भूषण तिवारी, अनिल कुमार, अजय पाल, राजेश भाटी, मुकेश कुमार, जयंती प्रसाद, तहसील वरिष्ठ संरक्षक आदि मौजूद थे।

## भाकियू (अंबावता) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) संगठन के कार्यकर्ता ने जिला मुख्यालय सूरजपुर पर किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल नागर एवं दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास ने कहा कि कि पिछले कई वर्षों से किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन चल आ रहे हैं। लेकिन किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है जिसमें भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबावता का कहना है कि हर चीज बर्दाश्त है लेकिन किसानों का उत्पीड़न बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं है।



इस दौरान अनिकेत देवघर, ग्रेटर नोएडा महानगर अध्यक्ष कपिल खारी, जिला उपाध्यक्ष अशोक भाटी, प्रदेश सचिव दिनेश, प्रदीप नागर, अजविंदर, अरुण नागर, अमित मुखिया, रोहित कसाना, जितेंद्र प्रजापति, मालती देवी, राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा दिनेश हुन, प्रदेश सचिव युवराज अनूप नागर, छाया उषा देवी, मंजू देवी, सत्येंद्र एडवोकेट, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## ज्ञानंदा एकेडमी आफ हायर एजुकेशन में 101 छात्रों को दिया स्मार्टफोन

**मिर्जापुर।** अमरावती विंध्याचल स्थित ज्ञानंदा एकेडमी आफ हायर एजुकेशन में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन वितरण का कार्य सम्पन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में 101 छात्रों में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिर्जापुर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गंभीर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनने एवं इसका सदुपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गये इस अभियान से युवाओं में तकनीकी सशक्तीकरण का अत्यंत विकास हुआ है। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के तहत किया गया है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य यह है कि उत्तर प्रदेश का ग्रामीण समाज विशेषकर युवा वर्ग अधिक से अधिक तकनीकी से जुड़ सके। इस स्मार्टफोन वितरण से धीरे-धीरे युवा वर्ग के साथ पूरा ग्रामीण समाज पूरी तरह से जुड़ सकेगा।




इस मौके पर छात्राओं के साथ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इसके अलावा महाविद्यालय के शिक्षक वंशराज सिंह, कृष्णकांत अग्रहरी, सौरभ सिंह, अनिष प्रजापति, प्रफुल्ल सिंह आदि उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम का समापन कालेज की प्रबंधक डॉ शीला सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्रों में बहुत उत्साह देखा गया। सभी प्रदेश के मुख्यमंत्री की सराहना करते नजर आये।

## पार्टनर पर लगाया कंपनी से सामान चोरी करने का आरोप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 में एक व्यक्ति ने अपने पार्टनर के खिलाफ कंपनी से सामान चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उनका पार्टनर कर्मचारियों को फर्जी दस्तावेज दिखा कर सामान ले गया। दीपक गुप्ता ने बताया कि हाउसिंग कांप्लेक्स में उनकी फर्म है। उक्त कंपनी में वह तथा उसके पिता के अलावा शरद गुप्ता व संगीत गुप्ता पार्टनर हैं। शरद गुप्ता व संगीत गुप्ता द्वारा कंपनी में धोखाधड़ी किए जाने के कारण पूर्व में भी कई शिकायत थाने में दर्ज कराई जा चुकी हैं। पार्टनरशिप फर्म को लेकर आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल दिल्ली में भी मुकदमा चल रहा है। ट्रिब्यूनल द्वारा आदेशित किया गया है कि विवाद पर कोई निर्णय न लिए जाने तक फर्म की किसी भी संपत्ति को फर्म से अलग ना किया जाए। पूर्व में भी कई बार शरद गुप्ता व संगीत गुप्ता द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए फर्म से जबरदस्ती सामान ले जाने का प्रयास किया गया। दीपक गुप्ता के मुताबिक बीते 20 दिसंबर 2023 को उनकी अनुपस्थिति में शरद गुप्ता तथा संगीत गुप्ता फर्जी दस्तावेज लेकर कंपनी पहुंचे। उन्होंने कार्यरत कर्मचारियों को गुमराह कर कपड़ा बनाने की मशीन तथा बड़ी मात्रा में कच्चा माल चोरी कर अपने साथ ले गए। दीपक गुप्ता के मुताबिक आरोपियों ने चोरी किए गए कृत्य को छुपाने के लिए आउटवार्ड व इनवार्ड रजिस्टर को भी नष्ट कर दिया हैं। उन्होंने जब भी इस संबंध में दोनों से बात की तो उन्होंने उन्हें गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

## मां की बातों से नाराज छात्रा ने उठाया खौफनाक कदम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** परिजनों से नाराज एक छात्रा के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नाश्ते में कम टोस्ट मिलने से नाराज 12वीं की छात्रा ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त उसके माता पिता नौकरी पर गए हुए थे।

छात्रा के आत्महत्या का ये मामला नोएडा के फेज-2 कोतवाली क्षेत्र के भंगेल का है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मैनपुरी निवासी रामवीर शर्मा, पत्नी और दो बेटियों के साथ फेज-2 कोतवाली क्षेत्र के भंगेल में रहते हैं। रामवीर होजरी कांप्लेक्स स्थित कंपनी में सुपरवाइजर हैं, जबकि पत्नी सिलाई का काम करती हैं। बड़ी बेटी पूजा शर्मा (18) 12वीं की छात्रा थी। बुधवार सुबह मां ने पूजा को चाय और टोस्ट खाने दिए थे। पूजा ने टोस्ट कम बताते हुए हुए और देने को कहा। मां ने और टोस्ट नहीं होने की बात कहकर पूजा से चाय पीने के लिए कहा। जिस बात से मॉतक छात्रा पूजा नाराज हो गई, और उसने चाय पीने से इंकार कर दिया। पूजा के पिता रामवीर और मां नौकरी पर चले गए। पूजा की बहन नहाने चली गई।

इसी दौरान पूजा ने घर पर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। पूजा की बहन जब नहाकर वापस नहाकर कमरे में लौटी तो वह हैरान रह गई। उसने देखा कि उसकी बहन फांसी के फंदे पर लटकी हुई है।

इसकी सूचना परिजनों और पड़ोसियों को दी। फंदे से जब तक छात्रा को उतारा गया, तो उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक पूजा मैनपुरी स्थित एक कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा थी। वह परीक्षा देने के लिए ही मैनपुरी जाती थी। बाकी समय पर नोएडा में रहकर ही पढ़ाई करती थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि बुधवार दोपहर सीएचसी भंगेल से सूचना मिली कि गांव में रहने वाली 18 वर्षीय पूजा नामक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

## भाजपा की हुई बैठक




**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व शक्ति बंदन अभियान स्वयं सहायता समूह जिला कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में संयोजक स्नेह लता श्रीवास्तव, वंदना दुबे, जिला अध्यक्ष सविता गौतम, सरिता गुप्ता, नीलम दुबे, सुषमा मालवीय, मनीषा एंबेसडर, अर्चना पटेल, अरुण सिंह, स्वामी बरनवाल, प्रीति श्रीवास्तव, चंदा देवी, प्रमिला, रीना देवी, सावित्री देवी, उषा, मुस्कान, स्वरूप, आशा, रन्नो देवी, श्याम कुमारी आभा देवी, सरिता, किरण, पूनम मौर्या, पूनम गुप्ता इत्यादि सभी महिला उपस्थित रही।

## रालोद ने कहा भाजपा के साथ जाने का सवाल ही नहीं उठता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने साफघोषणा कर दी है कि रालोद का भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ जाने का सवाल ही नहीं उठता है। रालोद (आरएलडी) के नेताओं ने उनकी पार्टी के बीजेपी के साथ जाने वाली खबर को पूरी तरह से अफ्वाह करार दिया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर के रहने वाले राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी ने बड़ी बात कही है। चेतना मंच के साथ एक बातचीत में मनोज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का भाजपा के साथ जाने का सवाल ही नहीं उठता है। इस प्रकार की खबर कुछ विरोधी पार्टियां फैला रही हैं। रालोद (आरएलडी) के महासचिव मनोज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी व रालोद के गठबंधन से घबरा गए हैं। यही कारण है कि आए दिन रालोद को लेकर तरह-तरह की अफ्वाहें फैलाई जाती हैं। हाल ही में इस प्रकार का प्रचार किया गया है कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भाजपा के संपर्क में हैं। रालोद महासचिव मनोज चौधरी ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन है। गठबंधन के सभी नेता पूरी ईमानदारी के साथ उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने रालोद के समर्थकों से अपील की है कि वे किसी भी अफ्वाह या दुष्प्रचार के बहकावे में ना आएं। आपको बता दें कि बुधवार को देश के कुछ प्रमुख अखबारों ने रालोद के बीजेपी के साथ जाने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। अखबारों में छपी खबरों के बाद रालोद ने स्पष्ट कर दिया है कि रालोद का भाजपा के साथ जाने अथवा आरएलडी का बीजेपीके साथ किसी प्रकार का गठबंधन करने का सवाल ही नहीं उठता।

**सेक्टर-62 में अमेठी की सांसद तथा केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करते भाजपा नेता पं. रवि कांत मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता।**



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-प्रापण निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:-
**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु. इं.-नि.-मुख्या.-21-2023, दिनांकः 02-02-2024, कार्य का नामः मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/गोरखपुर अधिकारी विश्राम गृह, अधीनस्थ विश्राम गृह स्थित स्टेशन गोरखपुर का रखरखाव एवं नवीनीकरण इत्यादि कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 1,69,24,202.82, बयाना राशि (रू.): ₹ 2,34,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अठ्ठारह माह)
**नोटः** ♦ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 12-02-2024, ♦ उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः दिनांक 26-02-2024, 15:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 26-02-2024, 15:00 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट ***https://ireps.gov.in*** पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
♦ श्री रवि प्रकाश, सहा. कार्यपालक इंजी./निर्माण/मुख्या./गोरखपुर,मो. 9794844281
**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.**
मुजाधि/डब्लू-530 **गोरखपुर**
**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## पृष्ठ एक के शेष....

### सड़कों पर किसानों...

10 प्रतिशत प्लॉट नोएडा प्राधिकरण ने अपने नाम कर लिया है उसे वापस दे।

किसानों की मांग है कि लिखित समझौते को लागू किया जाए। इन सबके बीच कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने इस आंदोलन पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि किसानों के विरोध के दो साल बाद भी एमएसपी की गारंटी वाला कोई कानून नहीं लाया गया है। एमएसपी पर कानून बनाने की मांग को लेकर किसान 13 फरवरी को एक बार फिर दिल्ली मार्च करने जा रहे हैं। मैंने सरकार से एमएसपी गारंटी पर कानून लाने की मांग की है।

### कवि विश्वास कुमार...

कुमार विश्वास प्रसिद्ध कवि हैं। कुमार विश्वास ने अन्ना हजारे के आंदोलन के जरिए आम आदमी पार्टी का गठन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आम आदमी पार्टी के गठन के समय से ही कुमार विश्वास राज्यसभा में जाना चाहते थे। अरविंद केजरीवाल ने उन्हें राज्यसभा भेजने से साफ मना दिया था। अब भाजपा के जरिए कुमार विश्वास का राज्यसभा में जाना तय माना जा रहा है।

### केस की तारीख...

परिजनों ने तुरंत डॉयल-112 पर फोन कर सोनू की लोकेशन पुलिस को बताई, जिसके बाद थाना दादरी पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में सोनू उर्फ सरवन को कृष डिवाइन अस्पताल लेकर पहुंची। उपचार के दौरान सोनू की मौत हो गई। सोनू की जेब से सल्फास की दो और गोलियां बरामद हुई।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि सोनू का एक मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इसको लेकर वह पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बुधवार को वह इस मामले की तारीख पर सुरजपुर स्थित न्यायालय आया था।

### नौसेना कर्मी को..'

18 लाख रुपए की धनराशि का लोन भी स्वीकृत करा दिया। कुछ समय बाद उसे पता चला कि जिस जमीन पर इमारत बनी हुई है उसका विवाद नोएडा प्राधिकरण में चल रहा है। इसके बाद उसने संपत्ति पर लिए गए लोन की किस्त देनी बंद कर दी। हरेंद्र सिंह के मुताबिक इस पूरी धोखाधड़ी में बिल्डर के साथ-साथ हाउसिंग फाइनेंस कंपनी भी शामिल है। लोन स्वीकृत करने से पूर्व हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने तमाम तरह की जांच पड़ताल करने की बात कही थी और इसकी एवज में उसे बाकायदा फीस की वसूली भी की थी।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

### मोदी के नेतृत्व में विकसित...

इसी कार्यकाल में संभव हुआ। स्मृति ईरानी ने कहा कि एक तरफ जहां देश की जनता ने मोदी को चुना तो वहीं दूसरी तरफ प्रभु श्री राम ने भी रामसेवक मोदी को 500 वर्षों से प्रतीक्षारत रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए चुना। पूरा सभागार जय जय श्री राम और हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतमबुद्धनगर के सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि अर्पित मिश्रा द्वारा राष्ट्र धर्म एवं महान विभूतियों पर रचित काव्यांजलि निश्चित ही युवाओं की प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि शब्दों को वर्णमाला में प्रयोग कर काव्य के रूप में प्रस्तुत करने की अद्भुत कला के धनी अर्पित निश्चित ही काव्यांजलि के लिए बधाई के पात्र हैं।

कार्यक्रम में डीएमई कॉलेज के चेयरमैन विनय साहनी, श्रीमती साहनी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, डॉ शशि पांडे, डिंपल आनंद, संजय बाली, शिवांश श्रीवास्तव,रवि भदोरिया, रामनिवास यादव,जितेंद्र तोमर, रविकांत मिश्रा, गिरीश मिश्रा, ममता शर्मा,सत्यम सिंह,श्रीमती साधना शर्मा, दीपक ठाकुर,कौशल यादव, प्रवीण चौहान,मयंक सिंह, हरिओम दुबे,सुयश पांडे,प्रगति, रजा यादव,मोनू जोगी, कपिल धारीवाल, उत्कर्ष मिश्रा, आकाश चौहान,अशोक राय, नमिता चौबे, उषा जी रमन प्रकाश, ज्योत्सना सिंह, डी के सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### ग्रेनो से आगरा तक...

लोगों का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में घोर लापरवाही बरती है जिस कारण व्यापारी के बेटे की हत्या हुई है।

बता दें कि किराना व्यापारी अरुण सिंघल का बेटा वैभव 30 जनवरी की शाम को दुकान से घर जाने के दौरान लापता हो गया था। 31 जनवरी को परिजनों ने उसके अपहरण का मुकदमा थाना दनकौर में दर्ज कराया था। परिजन शुरुआत से ही वैभव के साथ कोई अनहोनी घटना होने की आशंका जता रहे थे। उन्होंने वैभव के दोस्तों पर संदेह जताते हुए पूछताछ की मांग की थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। 8 दिन बीतने के बाद पुलिस ने शक के आधार पर वैभव के दोस्त माज पठान और एक नाबालिग से पूछताछ की। पूछताछ के बाद पता चला कि माज पठान ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर वैभव की गला दबाकर हत्या कर दी थी और उसके शव को खेरली नहर में फेंक दिया था। इसके बाद पुलिस आरोपियों को घटना स्थल पर लेकर पहुंची। इस दौरान आरोपी माज एक पुलिसकर्मी की रिवाल्वर छीन कर फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से माज पठान घायल हो गया। बीती शाम जैसे ही परिजनों व व्यापारियों को वैभव सिंघल की हत्या की जानकारी हुई तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों व व्यापारियों ने चौकी व थाने पर प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान परिजनों की पुलिस अधिकारियों से भी तीखी बहस हुई। इस घटना के विरोध स्वरूप कल बिलासपुर कस्बा पूरी तरह बंद रहा। आज भी व्यापारियों व स्थानीय निवासियों में खासा आक्रोश दिखाई दिया। वही परिजन वैभव सिंघल की तलाश के लिए पुलिस से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि वैभव सिंघल के शव की तलाश के लिए पुलिस तथा एनडीआरएफ की 4 टीम में लगी हुई है। ग्रेटर नोएडा से लेकर आगरा तक वैभव सिंगल की तलाश में नहर को खंगाल जा रहा है। इसके अलावा नहर के रास्ते में पड़ने वाले सभी थाना क्षेत्र के पुलिस से संपर्क किया जा रहा है कि उनके क्षेत्र में पिछले 8 दिनों के दौरान कोई लावारिस शव तो बरामद नहीं हुआ है। एडीसीपी ने बताया कि शव की तलाश के लिए गोताखोर लगे हुए हैं।

### नशे से तौबा करें...

माध्यम से आपसी विवाद का सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराना, स्थाई लोक अदालत आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई।

शिविर में उपरोक्त जानकारी के साथ-साथ समाज में फैल रहे दुष्कर्म एवं दुष्कृत्यों के साथ समाज में व्यस्क बच्चों के मध्य बढ़ रहा तम्बाकू आदि सेवन के दुष्प्रभावों के संबंध में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय जनसमान्य एवं बच्चों को जानकारी उपलब्ध कराई एवं विकलांग पेंशन योजना, श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजना एवं लाभ, विधवा पेंशन योजना आदि के संबंध में उपस्थित विभाग के पदाधिकारीगण द्वारा जानकारी दी गई।

आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में जन सामान्य को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार जेवर रामकृष्ण सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर श्वेता, श्रम परिवर्तन अधिकारी दीपक कुमार, एडीओ समाज कल्याण विभाग दीपक चौहान, प्रधानाचार्य विनीता, ग्राम प्रधान अरविंद अत्री एवं देवेंद्र, चौकी इंचार्ज नीमका मुनेंद्र सिंह एवं पराविधिक स्वयंसेवक हरेंद्र कुमार के साथ अधिक संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित हुए।

### पूर्व एकाउंटेंट ने...

इस बारे में जब उन्होंने दिलखुश झा से पूछा तो वह आज आगबबूला हो गया और गाली गलौज कर हाथापाई पर उतर आया। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर कंपनी के ऑफिस से चला गया। नरेंद्र कुमार ने बताया कि दिलखुश झा से उन्होंने कई बार फोन पर कंपनी की धनराशि को लौटने को कहा लेकिन उसने पैसे लौटाने से साफ इंकार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## सपा प्रमुख अखिलेश भी शामिल होंगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में



लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता भेजा था। अखिलेश यादव ने कांग्रेस के न्योते पर को स्वीकार कर लिया। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की घोषणा की। बता दें कि राहुल गांधी का काफिला 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। अखिलेश यादव राहुल गांधी का साथ अमेठी या रायबरेली में दे सकते हैं। उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति दे दी है।सपा प्रमुख ने कांग्रेस को बधाई देते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल होकर पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और सपा के 'सामाजिक न्याय' और 'परस्पर सौहार्द' का आंदोलन और आगे ले जाएगी। अखिलेश यादव को उम्मीद है कि टीम इंडिया और पीडीए की रणनीति का गठजोड़ जीत का नया इतिहास लिखेगा।

## भारतीय टूरिस्टों के लिए ईरान का वीजा फी, माननी होंगी 4 शर्तें

नई दिल्ली । भारतीय टूरिस्टों के लिए अब ईरान का वीजा फी हो गया है। लेकिन इसके लिए उन्हें चार शर्तें माननी होंगी। जानकारी के अनुसार ईरान ने मंगलवार को पर्यटन के लिए विमान से वहां आने वाले भारतीयों के लिए अधिकतम 15 दिन के वीजा फी एंट्री प्रोग्राम का ऐलान किया है। ईरानी दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए 4 फरवरी से चार शर्तों के तहत वीजा-मुक्त प्रवेश सुविधा शुरू कर दी गई है। बता दें कि ईरान ने इससे पहले दिसंबर में भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया समेत 32 अन्य देशों के लिए एक नए वीजा-मुक्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। वहीं ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि साधारण पासपोर्ट धारक व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन के लिए देश में ठहरने की अनुमति दी जाएगी। 4 फरवरी से भारतीय टूरिस्टों के लिए इसे लागू किया जा चुका है। ईरान दूतावास द्वारा जारी नई नीति के साथ भारतीय पर्यटकों को ईरान जाने के लिए वीजा की जरूरत नहीं है। सामान्य पासपोर्ट रखने वाले व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के ईरान में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें अधिकतम 15 दिन का प्रवास होगा। ध्यान रखें ?कि 15 दिन की अवधि आगें नहीं बढ़ाई जा सकती। जानकारी मिली है कि वीजा-मुक्त प्रवेश केवल पर्यटन उद्देश्यों के लिए ईरान में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों पर लागू होता है। व्यवसाय या शैक्षिक उद्देश्यों के लिए ईरान जाने वाले भारतीयों को संबंधित श्रेणियों के तहत वीजा के लिए आवेदन करना होगा। जो लोग छह महीने की समय अवधि के भीतर एक से अधिक बार ईरान जाना चाहते हैं, उन्हें वीजा प्राप्त करना अ?निवार्य होगा। ध्यान रखें कि वीजा-मुक्त प्रवेश केवल उन भारतीय पर्यटकों पर लागू होगा जो हवाई मार्ग से ईरान पहुंचेंगे। तुर्की, अफगानिस्तान, पाकिस्तान या किसी पड़ोसी देश से होकर भूमि मार्ग से ईरान आने वालों को बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अब गृह मंत्रालय में लगी सुरक्षा में सेंध

नई दिल्ली। संसद के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्रालय की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। गृह मंत्रालय में एक युवक फर्जी दस्तावेज के सहारे घुस गया। दिल्ली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है और उसे संयुक्त रूप से पूछताछ की जा रही है। कर्तव्य पथ थाने की पुलिस ने फर्जी पहचान पत्र पर नार्थ ब्लाक स्थित गृह मंत्रालय के ऑफिस में घुसने की कोशिश करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम आदित्य प्रताप सिंह है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के कर्तव्य पथ थाने की पुलिस ने फर्जी पहचान पत्र पर नार्थ ब्लाक स्थित गृह मंत्रालय के ऑफिस में घुसने की कोशिश करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम आदित्य प्रताप सिंह है। बताया जा रहा है कि आदित्य किस मकसद से फर्जी आईडी पर घुसा इसकी पुलिस जांच कर रही है। लेकिन फिलहाल इसका कोई टेरर एंगल नहीं पता चला है। लोकसभा में बीते साल 13 दिसंबर को दो युवक दर्शक दीर्घा से डेस्क पर कूदे और कलर स्मॉग निकालने लगे। इस दौरान पूरे हॉल में धुंआ हो गया। वहीं, उनके साथी भी संसद के बाहर इसी तरह का प्रदर्शन कर लगे। आरोपियों ने जांचकर्ताओं को बताया था कि उनका मकसद मणिपुर हिंसा, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करना था।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राकांपा चुनाव चिन्ह विवाद

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजीत पवार गुट ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में एक 'केवियट' याचिका दायर कर गुहार लगाई कि इस पार्टी के शरद पवार गुट की ओर से यदि चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी जाती है तो उनका (अजीत) पक्ष भी सुना जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुट को वास्तविक एनसीपी घोषित करते हुए चुनाव चिन्ह घड़ी का निशान का हकदार बताया था। अजीत पवार शरद पवार के भतीजे हैं, जिन्होंने पिछले साल महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में कोई एक तरफा आदेश नहीं पारित करने की गुजारिश की गई है। अजीत पवार गुट ने चुनाव आयोग के समक्ष पेश हलफनामे में एनसीपी के कुल 81 विधायकों में से 57 का समर्थन हासिल हो ने का दावा किया था, जबकि उनके चाचा शरद पवार गुट के साथ मात्र 28 विधायकों का साथ होने की बात कही गई।

## कश्मीर घाटी में ठंड का प्रकोप जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 10.8 डिग्री सेल्सियस और गुलमर्ग में शून्य से कम 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे कश्मीर घाटी में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने बुधवार को बताया कि पहाड़ी इलाकों में भारी हिमपात के कारण कश्मीर घाटी में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है, जिससे कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट आयी है। यहां का 17 फरवरी तक मौसम शुष्क रहने, 14 फरवरी शाम को बादल छाए रहने और 18-20 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर में हल्का हिमपात और बारिश का अनुमान है। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दिन के सामान्य तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम है। काजीगुंड का एक दिन पहले दर्ज किए गए तापमान शून्य से कम 2.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले काजीगुंड का न्यूनतम तापमान शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस था और कोकेरनाग में पिछली रात के शून्य से कम 2.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान शून्य से कम 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। कुपवाड़ा में पिछली रात के शून्य से कम 3.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान शून्य से कम 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

## हरदा विस्फोट कांड के बाद इंदौर में छह पटाखा गोदाम सील, कई गड़बड़ियां मिलीं

इंदौर, । मध्यप्रदेश के हरदा में स्थित पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट के बाद हरकत में आए इंदौर के जिला प्रशासन ने अलग-अलग गड़बड़ियों के कारण पटाखों के छह गोदामों को सील कर दिया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने संवाददाताओं को बताया, 'हमने पिछले 24 घंटे के दौरान जिले के अलग-अलग इलाकों में पटाखों के छह गोदाम सील कर दिए हैं।' उन्होंने बताया कि इनमें से एक पटाखा गोदाम रिहायशी क्षेत्र में था, जबकि अन्य गोदामों में स्वीकृत सीमा से ज्यादा पटाखों का भंडारण पाया गया और वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं थे। हरदा के पटाखा कारखाने में मंगलवार को भीषण विस्फोट में कम से कम 11 लोगों की जान चली गई और 200 से अधिक व्यक्ति घायल हो गए।

# सिद्धरमैया और कई कांग्रेस नेताओं ने केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व के वितरण में राज्य के साथ हुए 'अन्याय' को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ 'अन्याय' किया गया है। विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे। सिद्धरमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि देश एकजुट रहे, लेकिन दक्षिणी राज्यों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सिद्धरमैया ने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत राज्यों, खासकर कर्नाटक को कर राजस्व बांटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूले को 15वें वित्त आयोग ने बदल दिया था। उन्होंने कहा कि राज्य के राजस्व के नुकसान को रोकने के लिए पुराने फॉर्मूले पर लौटने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे 14वें वित्त आयोग द्वारा इस्तेमाल किए गए फॉर्मूले को अपनाने के लिए वह नए वित्त आयोग को भी एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। माकपा के दिग्गज नेता और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ 8 फरवरी को दक्षिणी राज्य के प्रति केंद्र की कथित उदासीनता के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## वरुण गांधी इस बार सुल्तानपुर या अमेठी से उतर सकते हैं निर्दलीय

**लखनऊ (एजेंसी)।** पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी इस बार सुल्तानपुर या अमेठी से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। चुनाव में कांग्रेस व सपा उनका समर्थन करने वाली है। बता दें कि अपनी ही सरकार को घेरने वाले वरुण गांधी को पार्टी टिकट देगी या नहीं, इस पर संशय बना हुआ है। साथ ही इस बार का चुनाव कहां से लड़ेंगे, इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सूत्रों ने बताया है कि वरुण गांधी निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो उन्हें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों का ही समर्थन भी मिल सकता है। वरुण गांधी मौजूदा समय में पीलीभीत से बीजेपी के टिकट पर सांसद हैं। सूत्रों की मानें तो वरुण गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव या तो अमेठी से या फिर सुल्तानपुर सीट से लड़ सकते हैं। बता दें कि सुल्तानपुर सीट से उनकी मां मेनका गांधी वर्तमान में बीजेपी के टिकट पर सांसद हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में मेनका गांधी केंद्र में मंत्री भी थीं, लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया। इसके बाद से ही मेनका और वरुण गांधी पार्टी के कार्यक्रमों से भी दूर ही नजर आए।

हालांकि मेनका गांधी की तरफ से इस को लेकर कोई बयान तो नहीं आया, बहरहाल वरुण गांधी प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र सरकार पर सवाल खड़े करते दिखे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी को क्या पार्टी टिकट देगी या नहीं? इस बीच वरुण गांधी लगातार अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत भी पहुंचते रहे हैं। हाल ही में वे पीलीभीत पहुंचे थे, जहां उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि आज देश को एक ईमानदार नेतृत्व की जरूरत है। साथ ही उन्होंने पीलीभीत को अपना परिवार बताया।

## अपनी मांगों को लेकर फिर निकले किसान, प्रशासन को लगाना पड़ी धारा 144



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर किसान सड़क पर आ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने आज और कल यानी 7-8 फरवरी को बड़ा प्रदर्शन करने की घोषणा की है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसानों के बड़े विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर गौतम बुद्ध नगर पुलिस प्रशासन ने 7 और 8 फरवरी को जिले में धारा 144 लागू कर दी है। पुलिस ने एक ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है, जिसमें किसानों के ट्रैक्टर मार्च निकालने को लेकर यात्रियों को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कुछ सड़कों पर मार्ग परिवर्तन के प्रति बताया गया है।जानकारी के मुताबिक, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसानों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत 7 और 8 फरवरी को प्रतिबंध लागू रहेंगे। पुलिस ने एक यातायात परामर्श भी जारी किया है, जिसमें किसानों के आंदोलन के मद्देनजर यात्रियों को दोनों शहरों में कुछ मार्गों पर बदलाव के प्रति आगाह किया गया।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसान समूह दिसंबर 2023 से स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहीत अपनी भूमि के बदले अधिक मुआवजे और विकसित भूखंडों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसान समूहों ने अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए बुधवार को किसान महापंचायत और गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में संसद तक मार्च का आह्वान किया है। यातायात विभाग ने जनता को दादरी, तिलपता, सूरजपुर, सिरसा, रामपुर-फतेहपुर और ग्रेटर नोएडा की विभिन्न सड़कों पर मार्ग परिवर्तन के बारे में आगाह किया है।आपको बता दें कि किसान संगठन दिसंबर 2023 से नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत अपनी जमीनों के बदले बढ़ा हुआ मुआवजा और भूखंड देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने उड़ीसा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली




**कटक (एजेंसी)।** न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने बुधवार को उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने पुराने उच्च न्यायालय परिसर में आज आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति सिंह को पद की शपथ दिलायी। न्यायमूर्ति सुभासिस तालापात्रा के 03 अक्टूबर- 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति सिंह को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन सारंगी मुख्य न्यायाधीश सुभासिस तलपात्रा की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत रहे। शपथग्रहण समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, पूर्व न्यायाधीश तथा उच्च गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। दिल्ली विश्वविद्यालय (कैंपस लॉ सेंटर) से एलएलबी की डिग्री प्राप्त करने के बाद न्यायमूर्ति सिंह 30 अक्टूबर 1999 को एक वकील के रूप में नामांकित हुए थे। वर्ष 1998 में उन्हें केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में नियुक्त किया गया था और अक्टूबर 2001 तक इस पद पर बने रहे। उन्हें पटना उच्च न्यायालय में महालेखाकार कार्यालय की ओर से मामलों के संचालन के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा पैनल वकील के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होने 2006 में मध्यस्थ के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया था और उन्हें पटना उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया गया था।

## 'यह सभी समुदायों पर लागू होने वाला एक हिंदू कोड है', उत्तराखंड के यूसीसी बिल पर भड़के असदुद्दीन ओवैसी

नई दिल्ली। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आज कहा कि प्रस्तावित कानून और कुछ नहीं बल्कि सभी समुदायों पर लागू होने वाला एक 'हिंदू कोड' है। उन्होंने दावा किया कि विधेयक में हिंदुओं और आदिवासियों को छूट दी जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह संहिता मुसलमानों को एक अलग धर्म और संस्कृति का पालन करने के लिए मजबूर करती है, जो संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। एक्स पर ओवैसी ने लिखा कि उत्तराखंड यूसीसी बिल और कुछ नहीं बल्कि सभी के लिए लागू एक हिंदू कोड है। सबसे पहले, हिंदू अविभाजित परिवार को छुआ नहीं गया है। क्यों? यदि आप उत्तराधिकार और विरासत के लिए एक समान कानून चाहते हैं, तो हिंदुओं को इससे बाहर क्यों रखा गया है? क्या कोई कानून एक समान हो सकता है यदि वह आपके राज्य के अधिकांश हिस्सों पर लागू नहीं होता है उन्होंने कहा कि यूसीसी में द्विविवाह, हलाला, लिव-इन रिलेशनशिप नियमों के बारे में बात हो रही है लेकिन कोई भी इस तथ्य के बारे में बात नहीं कर रहा है कि हिंदू अविभाजित परिवार को बाहर रखा गया है। ओवैसी ने कहा कि अगर आदिवासियों को कोड से बाहर रखा गया है तो इसे एक समान नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि अन्य संवैधानिक और कानूनी मुद्दे भी हैं। आदिवासियों को बाहर क्यों रखा गया है? यदि एक समुदाय को छूट दी गई है तो क्या यह एक समान हो सकता है, अन्य संवैधानिक और कानूनी मुद्दे भी हैं। आदिवासियों को बाहर क्यों रखा गया है? यदि एक समुदाय को छूट दी जाए तो क्या यह एक समान हो सकता है? एआईएमआईएम नेता ने कहा कि यह संहिता मुसलमानों को दूसरे धर्मों की संस्कृति का पालन करने के लिए मजबूर करती है। ओवैसी ने कहा कि विधेयक केवल संसद द्वारा अधिनियमित किया जा सकता है क्योंकि यह शरिया अधिनियम, हिंदू विवाह अधिनियम, एसएमए, आईएसए का खंडन करता है।

# कागजों पर हुआ मस्जिद का काम, रमजान के बाद रखेंगे नींव

### -विवाद खत्म होने के बाद अयोध्या में मंदिर तो बन गया, लेकिन मस्जिद अब बनेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अयोध्या में दशकों पुराना विवाद खत्म होने के बाद यहां भव्य राम मंदिर तो तैयार हो गया है, मगर उस जगह पर मस्जिद का काम शुरु ही नहीं हुआ है, जिसके निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने साल 2019 में आदेश दिया था। बताया जा रहा है कि म?स्जिद का काम फिलहाल कागजों पर हो गया है, बाकी रमजान के बाद नींव रखी जाएगी। दरअसल, अयोध्या जिले के धन्नीपुर में बाबरी के बदले बनने वाली मस्जिद का नाम पैगंबर के नाम पर 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार धन्नीपुर में प्रस्तावित मस्जिद की जमीन पर जल्द शुरू होगा। बताया जा रहा है कि रमजान के बाद मस्जिद की नींव रख दी जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सीनियर अधिकारी की मानें तो अयोध्या में भव्य मस्जिद का निर्माण इसी साल मई से शुरू कर दिया जाएगा और इसे पूरा होने में तीन-चार साल लगने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि रमजान के बाद मई महीने में एक शुभ मुहूर्त देखकर मस्जिद की नींव रख दी जाएगी।

हालांकि अब तक तारीख को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। अयोध्या में बनने वाली मस्जिद के प्रोजेक्ट की देखरेख कर रहे इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन की विकास समिति के प्रमुख हाजी अराफात शेख के मुताबिक मस्जिद के लिए पैसे जुटाने के लिए एक क्राउड-फंडिंग वेबसाइट लॉन्च की जाएगी। गौरतलब है कि राम मंदिर के लिए भी क्राउड फंडिंग हुई थी और रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट और बैंक अकाउंट के जरिए दान किया था। दरअसल अयोध्या में राम मंदिर और मस्जिद को लेकर साल 2019 में एक ही वक्त में फैसला आया। अब सवाल उठता है कि अयोध्या में राम मंदिर बन गया, मगर मस्जिद की अब तक नींव भी क्यों नहीं रखी गई? इसे लेकर आईआईसीएफ यानी इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सचिव अतहर हुसैन ने बताया कि मस्जिद के निर्माण में इस कारण देरी हुई है, क्योंकि वे डिजाइन में और ज्यादा पारंपरिक तत्व जोड़ना चाहते हैं।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने श्रीराम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर साल 2019 में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने विवादित स्थल को हिन्दू पक्ष को सौंपने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि विवादित भूमि पर राम मंदिर बनाया




जाएगा, वहीं मुस्लिम पक्ष को मस्जिद के निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन अलग जगह पर प्रदान की जाएगी, जो कि धन्नीपुर मस्जिद स्थल नवनिर्मित राम मंदिर से करीब 22 किमी दूर है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नई मस्जिद भारत की सबसे बड़ी मस्जिद होगी, जिसके लिए मक्का के इमाम इस मस्जिद का शिलान्यास करने आएंगे। मस्जिद परिसर में चिकित्सा, शैक्षिक और अन्य सामाजिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

## चीन-पाक पर नजर रखने अब भारतीय वायु सेना को मिलेंगे 12 टोही विमान

नई दिल्ली। पाकिस्तान और चीनी सरहदों पर अपनी कड़ी निगरानी करने भारतीय वायु सेना को अब 12 टोही विमान मिलने वाले हैं। इसके लिए भारत ने एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। जल्द ही भारत के 12 और एयरक्राफ्ट आसमान में दुश्मनों के विमानों पर नजर रखेंगे। जानकारी के अनुसार भारत अब उन्नत स्वदेशी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट (स्वदेशी हवाई पूर्व चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली) को विकसित करने और भारतीय वायुसेना में शामिल करने के लिए अब तेजी से कदम उठा रहा है, जो चीन और पाकिस्तान सीमाओं पर सर्विलांस और डिटेक्शन की क्षमताओं को बढ़ावा देगा और साथ ही दुश्मन जेट के साथ हवाई युद्ध के दौरान सीधे लड़ाकू विमानों की मदद करेगा। 12 और टोही विमानों के लिए भारत तेजी से काम कर रहा है। दरअसल, इंडियन एयरफोर्स और डीआरडीओ मिलकर सक्रिय रूप से नेत्र विमान के छह मार्क-1ए के साथ-साथ छह मार्क-2 संस्करण विकसित करने के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है, जिनमें से तीन नेत्र विमान पहले बनाए गए थे और फरवरी 2017 से शामिल किए गए थे। गौरतलब है कि डीआरडीओ नेत्रा एक भारतीय, हल्के वजन, निगरानी और टोही अभियानों के लिए स्वायत्त मानव रहित हवाई वाहन है। यह संयुक्त रूप से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अनुसंधान द्वारा विकसित किया गया है। टीओआई ने सूत्रों के हवाले से कहा कि रक्षा मंत्रालय अगले सप्ताह 6 मार्क-1ए विमानों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति लेगा, जिसमें ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर जेट पर सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन किए गए ऐरे एंटीना-आधारित रडार, इलेक्ट्रॉनिक और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम को 9 हजार करोड़ रुपए लागत से स्थापित किया जाएगा।




## खास खबर

### दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराया



**सिडनी** : दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को वनडे में हराया। मेरिजान कैप के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने तीन वनडे सीरीज के दूसरे वनडे में 84 रन से जीत हासिल की। सिडनी के मैदान पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। दक्षिण अफ्रीका ने 45 ओवर में 6 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 29.3 ओवर में 149 रन पर सिमट गया। बारिश के कारण मैच 45-45 ओवर का हुआ। दक्षिण अफ्रीका की ओपनर मैरिजान कैप ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने टीम की ओर से सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। पारी की शुरूआत लौरा वुल्वार्ड ने और तज्मिन ब्रिट्स ने की। वुल्वार्ड 0 रन बना कर आउट हुई। वहीं, ब्रिट्स ने 21 रन बनाए। लौरा वुल्वार्ड के आउट होने के बाद एनेके बॉश क्रीज पर आई। उन्होंने ब्रिट्स के साथ 73 गेंद में 55 रन की साझेदारी की। बॉश 44 रन बना कर आउट हुई। मैरिजान कैप पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आई और एक छोर से टिकी रहीं। उन्होंने 75 रन की पारी खएली। उनके अलावा दूसरे छोर पर सुन लस 19 रन और नेदिन डी क्लार्क 14 रन बना कर आउट हुई। वहीं, क्लो ट्रायन 37 रन और एलिज मार्क्स 2 रन बना कर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शट और एश्ले गार्डरन को 2-2 विकेट मिले। वहीं, किम गार्थ और एनाबेल सदरलैंड को 1-1 सफलता मिली।

### एसए-20 के फाइनल में पहुंची सनराइजर्स ईस्टर्न कैप

**केपटाउन** : सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने एसए-20 सीजन-2 के फाइनल में एंट्री कर ली है। टीम ने क्वालीफायर-1 में डरबन सुपरजायंट्स को 51 रन से हराया। ओटनियल बार्टमैन और मार्को यानसेन ने 4-4 विकेट लिए। बार्टमैन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। सुपरजायंट्स की टीम 19.3 ओवर में 106 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। केपटाउन में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स को ओपनर जॉर्डन हर्मन और डेविड मलान ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने 6 ओवर में टीम का कोई विकेट नहीं गिरने दिया और स्कोर 45 रन तक पहुंचा दिया। 7वें ओवर में हर्मन 21 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद नंबर-3 पर उतरे टॉम अबेल भी 2 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद कप्तान ऐडन मार्करम ने ओपनर मलान के साथ पारी संभाली। दोनों ने टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। मलान 63 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 49 रन की पार्टनरशिप टूटी। मार्करम भी 30 रन बनाकर नवीन-उल-हक का शिकार हो गए। आखिर में ट्रिस्टन स्टब्स 14, पैट्रिक क्रूगर 11 और मार्को यानसेन 2 रन बनाकर आउट हुए। साइमन हार्मर खाता भी नहीं खोल सके, वहीं लियम डॉसन 9 और डैनियल वौराल 1 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 157 रन का स्कोर खड़ा किया।

### खेलों को बढ़ावा देने के लिए सभी सुविधाएं देगी सरकार

**नई दिल्ली** : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम खेलों को बढ़ावा देने में किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे और सरकार सभी सुविधाएं मुहैया करायेगी। केजरीवाल ने बुधवार को यहां सिविल लाइंस स्थित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में वातानुकूलित इंडोर स्वीमिंग पूल का उद्घाटन करने के बाद कहा कि हम स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे। दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में 172 बच्चों को ओलंपिक के 10 खेलों के लिए प्रशिक्षण दी जा रही है। ओलंपिक में ज्यादा से ज्यादा मेडल लाने के उद्देश्य से ही हमने दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बहुत कठिन टेस्ट से गुजरते हुए यहां तक पहुंचे हैं। कई स्तरों पर टेस्ट हुए और फिर प्रतियोगिता हुई। इसके लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन आए थे, उन में से केवल 170 बच्चों को ही चुना गया है। इसका मतलब है कि यहां प्रशिक्षण ले रहे सभी बच्चे बहुत ही प्रतिभावान है। उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि आप सभी एक दिन ओलंपिक में भारत का नाम रौशन करके दिखाएंगे।

### एसिक्स का एक्सक्लुसिव अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथॉन मर्चेन्डाइज

**नई दिल्ली** : जापानी स्पोर्ट्स वियर ब्रांड एसिक्स ने आगामी अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथॉन 2024 के लिए लिमिटेड एडीशन मर्चेन्डाइज का लॉन्च किया। एसिक्स के ब्रांड एथलीट प्रसिद्ध कृष्णा, टी गोपी, जोशना चिनप्पा और सौरव घोसाल ने कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में नए कलेक्शन का अनावरण किया। एसिक्स एथलीट्स को सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे शानदार परफोर्मेन्स के द्वारा नई उपलब्धियां हासिल कर सकें। अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथॉन 2024 मर्चेन्डाइज के लिए ओर्गेनिक एवं प्राकृतिक फ्लोइंग फॉर्म्स से प्रेरित डिजाइन थीम का अनावरण किया गया है जिसमें लैंड स्केप कॉन्टोर्स और आकर्षक सैटेलाईट जैसे नजारे, अपोलो टायर्स नई दिल्ली मेराथॉन के रूट मैप के साथ मिलते दिखाई देते हैं। व्यायाम के मानसिक एवं भावनात्मक फायदों पर जोर देते हुए यह कलेक्शन समग्र कल्याण एवं व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ सीधी बातचीत और उनसे मिले फीडबैक के माध्यम से एसिक्स दुनिया भर के उपभोक्ताओं से आंकड़े जुटाता है। इस फीड बैक को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान एवं विकास के द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि उनका हर प्रोडक्ट उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरे।

# रोहित को खराब फॉर्म के कारण आईपीएल कप्तानी से हटाया

### कोच बाउचर बोले- अब वह बिना प्रेशर के बैटिंग करेंगे, हार्दिक शानदार लीडर



**मुंबई,** (एजेंसी) : मुंबई इंडियंस (एमआई) के कोच मार्क बाउचर ने कहा कि रोहित शर्मा अपनी बैटिंग पर फोकस कर सकें, इसलिए उन्हें कप्तानी से हटाया गया। रोहित पिछले 2 सीजन से रन नहीं बना सके, वह अब बिना प्रेशर के बैटिंग कर सकेंगे।

मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रेड कर अपनी टीम में शामिल किया था। फिर पिछले साल दिसंबर में ऑक्शन के पहले रोहित को कप्तानी से हटाया और हार्दिक को नया कप्तान बना दिया। मार्क बाउचर ने 'बैंटर विद द बॉयज' पॉडकास्ट में खुलासा किया कि रोहित को कप्तानी से हटाना मैनेजमेंट का फैसला था, ताकि वह बैटिंग में टीम की तरफ से बेस्ट दे सकें। बाउचर बोले कि भारत में क्रिकेट फैंस बहुत इमोशनल हैं। वह रोहित को कप्तानी से हटाए जाने के फैसले से गुस्सा हो गए, लेकिन फ्यूचर को देखते हुए यह एक अच्छा फैसला था। मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी और एक इंसान के रूप में रोहित अब बेहतर परफॉर्म कर पाएंगे। वह बगैर प्रेशर के बैटिंग को एंजॉय करेंगे और टीम के लिए रन बना सकेंगे। बाउचर ने कहा कि हमने ट्रेडिंग विंडो से हार्दिक को वापस टीम में शामिल कर लिया। वह खुद भी मुंबई इंडियंस बॉय हैं। वह दूसरी फ्रेंचाइजी में गए, वहां उन्होंने टीम को चैंपियन बनाया और दूसरे सीजन में भी फाइनल तक पहुंचाया। इसी से साफ है कि उनकी लीडरशिप स्किल्स शानदार हैं। मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट ने हार्दिक को 2023 के ऑक्शन से पहले 15 करोड़ रुपये में गुजरात से ट्रेड कर लिया। मुंबई इंडियंस ने गुजरात को इसके लिए 15 करोड़ रुपये देने के साथ अलग से रकम भी दी। ऑक्शन से पहले ही मैनेजमेंट ने रोहित को हटा कर हार्दिक को कप्तान भी बना दिया। बाउचर ने कहा कि पिछले 2 सीजन से रोहित का फॉर्म अच्छा नहीं रहा। वह बैट से कुछ खास परफॉर्म नहीं कर सके, लेकिन उनकी कप्तानी शानदार रही। वह सालों से कप्तानी कर रहे हैं, मुंबई और भारत के लिए उन्होंने शानदार कप्तानी की है।

# टेस्ट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने बुमराह



## टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विलियमसन शीर्ष पर बरकरार

● दुबई, (एजेंसी)

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं।

बुधवार को जारी हुई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में बुमराह ने हमवतन रवि अश्विन और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को पछाड़ते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की हैं। वहीं विराट कोहली 2 टेस्ट नहीं खेलने के बावजूद टॉप-10 बल्लेबाजों में शामिल इकलौते भारतीय हैं। विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले बुमराह ने प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया था और गेंदबाजों की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में तीन पायदान चढ़कर टीम के साथी रविचंद्रन अश्विन से शीर्ष स्थान हासिल किया। अश्विन उसी मैच में भारत के लिए सिर्फ तीन विकेट ले पाए और टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा दूसरे स्थान बरकरार है। गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले बुमराह भारत के चौथे और पहले तेज गेंदबाज हैं। इससे पहले आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा और बिशन बेदी यह उपलब्धि हासिल हुई है। नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में उछाल लाने वाले बुमराह भारत के एकमात्र खिलाड़ी नहीं हैं, उनके टीम साथी यशस्वी जयसवाल को भी इंग्लैंड के साथ विशाखापट्टनम टेस्ट की पहली पारी के दौरान उनके शानदार दोहरे शतक के बाद युवा खिलाड़ी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 37 पायदान चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड के अनुभवी केन विलियमसन अभी भी शीर्ष पर चल रहे हैं। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट लेने के बाद टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए। हमवतन असिथा फर्नांडो सात स्थान के सुधार के साथ 34वें स्थान पर पहुंच गये।



### विराट कोहली 2 टेस्ट नहीं खेलने के बावजूद टॉप-10 बल्लेबाजों में शामिल इकलौते भारतीय

### विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ अगले दो टेस्ट से बाहर

**मुंबई** : विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट नहीं खेलने के बाद अब अगले दो मुकाबलों से भी बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के स्टार बैटर राजकोट और रांची में होने वाले तीसरे और चौथे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। वहीं, पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हुए रवींद्र जडेजा और केएल राहुल तीसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। दोनों खिलाड़ी विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली पारिवारिक कारणों से ब्रेक पर चल रहे हैं। माना जा रहा है कि वे इस समय विदेश में हैं। कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि टीम मैनेजमेंट सीरीज के बाकी मैचों के लिए उनकी उपलब्धता जानने के लिए कोहली से संपर्क करेगा।

# आईपीएल खेलेंगे पंत : पोंटिंग

### बोले : इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करेंगे, पर कप्तानी और विकेटकीपिंग अभी तय नहीं

● नई दिल्ली (एजेंसी)



**दिल्ली** कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत आईपीएल 2024 के लिए तैयार हैं। पोंटिंग ने बताया कि पंत ने खुद कहा कि वह टीम के लिए खेलेंगे। कोच ने कहा कि पंत का विकेटकीपिंग और कप्तानी करना कन्फर्म नहीं है, लेकिन वे बैटिंग जरूर करेंगे। ऋषभ पंत ने दिसंबर 2022 के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है। 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से रुड़की जाते वक्त पंत की कार का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद इलाज और रिकवरी के चलते वे फील्ड से दूर रहे।

ऋषभ पंत ने 16 जनवरी 2024 को बेंगलुरु में टीम इंडिया का प्रैक्टिस सेशन अटेंड किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा और बाकी प्लेयर्स से बात करते भी नजर आए। रिकी पोंटिंग इस वक्त मेलबर्न में हैं। उन्हें अमेरिका की मेजर लीग में वॉशिंगटन फ्रीडम टीम का हेड कोच बनाया गया है। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान आईपीएल और पंत पर सवाल किया गया। पोंटिंग ने कहा कि पंत से पूरा टूर्नामेंट खेलने की उम्मीद करना ठीक नहीं, लेकिन वे जितना भी खेलें, टीम के लिए बोनस होगा। पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ कितने मैच खेल पाएंगे, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। टूर्नामेंट शुरू होने में 6 ही सप्ताह का समय बचा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि वे विकेटकीपिंग कर सकेंगे। दिल्ली के कोच ने कहा कि एक चीज की गारंटी देता हूं, अगर मैं पंत से अभी पूछूं तो वे कहेंगे कि मैं हर मैच खेलूंगा, कीपिंग भी करूंगा और नंबर चार पर बैटिंग भी करूंगा। पंत इसी तरह सोचते हैं और हम उन्हें जल्द से जल्द पूरी तरह फिट देखना चाहते हैं। रिकी पोंटिंग ने कहा कि पंत आईपीएल में 10 मैच तो जरूर खेलेंगे।

# पहले टेस्ट मैच में जीते कीवी

### न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 281 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई



**माउंट मॉन्गानुई,** (एजेंसी) : रचिन रविंद्र 240 के दोहरे शतक और केन विलियमसन 118 रनों की शतकीय पारी तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 281 रन के विशाल अंतर से हरा दिया है।

माउंट मोनगानुई के बे ओवल स्टेडियम में चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में रचिन रविंद्र 240 के दोहरे शतक और केन विलियमसन 118 रनों की शतकीय पारी की मदद से 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से नील ब्रांड ने छह विकेट लिए। रूआन डीस्वार्ट को दो विकेट मिले। शेपो मोरेकी और डेन पैटरसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया था। इसके बाद न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी के तीन-तीन विकेट तथा रचिन रविंद्र और काइल जेमीसन के दो-दो विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका की टीम को पहली पारी में 72.5 ओवर में 162 रनों से पर ढेर कर दिया। इसकी के साथ ही न्यूजीलैंड को पहली पारी में 349 रनों की बड़ी बढ़त मिल गई थी। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में भी केन विलियमसन ने 109 रनों की शतकीय पारी खेली और उसके बाद चार विकेट पर 179 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 529 रनों का लक्ष्य दिया। 529 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 247 रन पर ढेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडवर्ड मोरे शून्य, नील ब्रांड तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। डेविड बेडिंग्हम ने सर्वाधिक 87 रन बनाए। रैनार्ड वान टोंडर 31 रन, जुबैर हम्जा 36 रन, कीगन पीटरसन 16, डेन पैटरसन 15 रन बनाकर आउट हुए। क्लाइड फोर्टिन 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की पूरी पारी 80 ओवर में 247 रनों पर सिमट गई। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड की ओर से काइल जेमीसन ने चार विकेट लिए। सैंटनर ने तीन मिले। ग्लेन फिलिप्स, टिम साउदी और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मैच ड्रा कराने में कामयाब रहा हैदराबाद

## कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी: यूपी की जीत में दीवार बनी प्रत्युष और अमन के बीच 124 रन की साझेदारी

### फॉलोऑन के बाद संभाली हैदराबाद टीम के सामने यूपी के आठ गेंदबाज हुए फेल

● मेरठ (एजेंसी)




**कर्नल** सीके नायडू ट्रॉफी श्रृंखला के अंतर्गत फॉलोऑन खेलने उतरी हैदराबाद की टीम मैच ड्रा करने में कामयाब रही। उत्तर प्रदेश टीम और जीत के बीच एम प्रत्यूष और अमन राव दीवार बनकर खड़े हो गए। हालांकि उत्तर प्रदेश की टीम ने विकेट लेने के लिए अपने आठ गेंदबाजों को आजमा कर भी देखा। लेकिन विपराज निगम के अलावा कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में कामयाब नहीं हो सका। इसके बाद मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया गया। पहली पारी की बढ़त के आधार पर उत्तर प्रदेश टीम को तीन अंक और हैदराबाद को एक अंक दिया गया है।

सीके नायडू ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान चार फरवरी से यह चार दिवसीय मैच भामाशाह क्रिकेट मैदान में आयोजित किया गया। जिसका पहला डेढ़ दिन खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। मैदान में नमी को भांपते हुए हैदराबाद की टीम ने टॉस जीतकर यूपी को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। यूपी अंडर-23 टीम ने 372 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम के सभी बल्लेबाज 162 रन पर ढेर हो गए। 210 रन से पिछड़ने के कारण हैदराबाद की टीम को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। मंगलवार को चौथे और अंतिम दिन हैदराबाद के बल्लेबाज नीतीश रड्डी और एम प्रत्यूष ने एक-एक गेंद को संभलकर खेलते हुए पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने यूपी के गेंदबाजों को खूब छकाया। 35 में ओवर की चौथी बॉल पर विपराज निगम ने नितीश रेड्डी को आउट करके चौथे और आखिरी दिन का एकमात्र विकेट हासिल किया। उस समय नीतीश रेड्डी 116 गेंद खेलकर 34 रन बना चुके थे। नीतीश रेड्डी के बाद एम प्रत्यूष का साथ देने के लिए अमन राव मैदान में आए। दोनों ने मिलकर 124 रन की साझेदारी निभाई। इस दौरान एम प्रत्यूष ने 201 गेंद खेलकर 103 रन की शतकीय पारी खेली। जबकि अमन राव ने 110 गेंद खेल कर 69 रन बनाए। हैदराबाद की टीम का अंतिम स्कोर पहली पारी 162 और दूसरी पारी एक विकेट पर 218 रन रहा। मैच का कोई नतीजा न निकलते देख रेफरी ने दोनों टीमों के कप्तानों से बातचीत करते हुए मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया।

पहली पारी में 210 रन की बढ़त देकर हैदराबाद टीम को फॉलोऑन के लिए मजबूर करने के आधार पर यूपी टीम को तीन अंक मिले। जबकि हैदराबाद को एक अंक से ही संतोष करना पड़ा।

### आठ गेंदबाजों का चक्रव्यूह भी विफल

फॉलोऑन खेलने के लिए उतरी हैदराबाद की टीम के लिए एम प्रत्युष और अमन राव दिन भर ढाल बने रहे। जिनको आउट करने के लिए पहली पारी में हैदराबाद के चार विकेट लेने वाले यूपी के कप्तान कृतज्ञ केके सिंह, प्रशांत वीर, विपराज निगम, कुणाल त्यागी, वैभव चौधरी, हर्ष त्यागी, ऋतुराज और स्वास्तिक चिकारा ने अपनी गेंदबाजी के सभी हुनर आजमाए। इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करने के लिए गेंदबाजों के साथ-साथ फील्डिंग में बार-बार परिवर्तन भी किया गया। लेकिन बल्लेबाजों को आउट करने को लेकर यूपी की हर रणनीति को हैदराबाद के बल्लेबाजों ने विफल कर दिया। दिन भर चले चौथे और अंतिम दिन के खेल में एक मात्र विकेट विपराज निगम को ही मिल सका। इसके अलावा कोई भी गेंदबाज किसी भी बल्लेबाज को आउट करना तो दूर, परेशान तक नहीं कर सका। जिसका नतीजा यह रहा कि हैदराबाद की टीम मैच को ड्रा करने में कामयाब रही।



# सब्जियों को खाने और पकाने का सही तरीका जानते हैं आप?

ताजे फल व सजियों को भोजन में शामिल करने के साथ ही यह जानना भी आवश्यक है कि उन्हें पकाने व खाने का सही तरीका या है....

तनाव भरे माहौल, अव्यवस्थित जीवनशैली व बढ़ती बीमारियों के बीच स्वयं को सेहतमंद रखना चुनौती है। इसके लिए खानपान पर ध्यान देना है बेहद जरूरी। इस लिहाज से ताजे फल व सब्जियों को भोजन में शामिल करने के साथ ही यह जानना भी आवश्यक है कि उन्हें पकाने व खाने का सही तरीका क्या है, जिससे मिल सकें उनमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों का अधिकतम लाभ...

## बड़े पीस होते बेहतर

जब सलाद के लिए फल व सब्जियां काटें तो छोटे-छोटे टुकड़े करने के बजाय बड़े पीस करना बेहतर रहता है। इस तरह उनमें मौजूद विटामिन्स बर्बाद नहीं होते। छोटे पीस करने से खाद्य पदार्थ में मौजूद पोषक तत्व जब हवा के संपर्क में आते हैं तो उनका प्रभाव कम होने लगता है। बेहतर होगा कि उन्हें छोटे क्यूब्स में काटने के बजाय लंबाई में काटें। यही नहीं सब्जियां उबालने पर उनमें मौजूद विटामिन सी, बी-1, फोलेट इत्यादि पोषक तत्व पानी में घुल जाते हैं, इसलिए उन्हें भी बड़े पीस में काटना बेहतर रहता है। अच्छा होगा कि सब्जियां उबालने के बाद उसका जो पानी बचता है, उसे सूप स्टाक के रूप में प्रयोग करें।

## दिल के लिए अच्छा टमाटर



एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर टमाटर में लाइकोपीन नामक पोषक तत्व पाया जाता है। विभिन्नअध्ययनों से यह जाहिर हुआ है कि जब टमाटर को पकाते हैं तो उसमें कुछ केमिकल बदलाव होते हैं और उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व का स्तर बढ़ जाता है, जो हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। ग्रिल्ड टमाटर पर नमक व कालीमिर्च पाउडर डालकर खाने का आइडिया हेल्दी और टेस्टी है।

## लहसुन के फायदे



लहसुन में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कैंसर से लडने में मददगार हैं। इसका सेवन दिल की बीमारियों को दूर रखने व ब्लड प्रेशर संतुलित रखने के लिहाज से भी लाभकारी है। हालांकि तेज आंच के संपर्क में आने पर इसमें पाए जाने वाला सबसे अहम् पोषक तत्व लाइनेस एंजाइम नष्ट होने लगता है। विशेषज्ञों के अनुसार लहसुन के अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए उसकी कलियों को छीलने व काटने के बाद कम से कम 10-15 मिनट तक यूं ही रखा रहने दें। ऐसा करने से लहसुन में ऐसे तत्व उत्पन्न हो जाते हैं, जो तेज आंच में डाले जाने पर भी उसकेपोषक तत्व नष्ट नहीं होने देते। इसलिए जब अ÷ली बार खाना पकाएं तो इसका ख्याल रखें कि लहसुन के पोषक तत्व नष्ट न होने पाएं।


## लोहे के बर्तनों का प्रयोग

जब आयरन रिच सब्जियां जैसे पालक इत्यादि को पकाना हो तो लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल बेहतर रहता है। इससे खाद्य पदार्थ में आयरन की मात्रा बढ़ जाती है जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जब हरी पत्तेदार सब्जियां पकानी हो तो उन्हें धीमी आंच पर पकाना बेहतर रहता है, ताकि उनके पोषक तत्व बरकरार रह सकें।



# कहीं लिवर तो नहीं हो रहा खराब!



लिवर शरीर का वर्कहाउस है। यह भोजन में मौजूद वसा और कार्बोहाइड्रेट को सुपाच्य बनाता है। यह नेचुरल फिल्टर है, जो विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। शरीर के लिए उपयोगी प्रोटीन यहां बनता है और पाचन के लिए उपयोगी पि का स्राव भी लिवर में ही होता है। चूंकि लिवर एक साथ कई काम करता है, इसलिए इसमें गड़बड़ी आने पर कई परेशानियां खड़ी हो जाती हैं।

### इन संकेतों की न करें अनदेखी

- त्वचा, नाखून और आंखों का पीलापन। ऐसा पित्त की अधिकता के कारण होता है, जिस कारण पेशाब में भी पीलापन नजर आता है।
- लिवर में खराबी होने पर बाइल (पित्त ) एंजाइम मुंह तक आ जाता है, जिससे मुंह कड़वा रहने लगता है।
- हर समय घबराहट व उल्टी की शिकायत रहती है। ऐसा शरीर में बनने वाले पित्त के कारण होता है।
- पेट में सूजन व हर समय भारीपन का एहसास होना।
- हर समय आलस महसूस होना, किसी काम में मन न लगना और हर समय नींद आना।
- हर समय असमंजस में रहना, चीजों को भूलना।

आमतौर पर माना जाता है कि अगर आप शराब नहीं पीते तो लिवर सही रहता है। पर यह पूरा सच नहीं है। हमारी रोजमर्रा की जीवनशैली और खान-पान से जुड़ी कई बातें लिवर को नुकसान पहुंचाती हैं।

## लिवर से संबंधित समस्याएं

यह पांच प्रकार की होती हैं, जिन्हें ए, बी, सी, डी, ई कहते हैं। ए और ई को आम भाषा में जॉन्डिस या पीलिया के नाम से जाना जाता है। पीलिया दूषित जल पीने की वजह से होता है। बी, सी व डी इन्फेक्शन से होने वाली बीमारी है, जिसका लिवर पर गहरा असर पड़ता है। यदि लक्षण पहचानने में देर होती है तो लिवर के फेल होने का खतरा रहता है। इसे क्रॉनिक हेपेटाइटिस कहते हैं। इसके अलावा ऑटोइम्यून डिसॉर्डर है, जो आमतौर पर औरतों को होता है। इसमें शरीर का तंत्रिका-तंत्र ही शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है।

जॉन्डिस या पीलिया, लिवर कैंसर व हेपेटाइटिस प्रमुख रूप से लिवर के रोग हैं। लिवर से जुड़ी बहुत सी समस्याएं गंदगी की वजह से होती हैं। हेपेटाइटिस ए और ई दूषित

खाने और पानी की वजह से होता है। हेपेटाइटिस बी, सी व डी असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित खून की वजह से होने वाले रोग हैं। अधिक शराब लिवर व पेन्क्रियाज को निशाना बनाती है। लिवर के रोगों से जुड़ी समस्याओं में लिवर सिरोसिस प्रमुख है। एक बार समस्या शुरू होने पर शराब व धूम्रपान न छोड़ना लिवर ट्रांसप्लांट की नौबत ला सकता है।




## नमक भी नुकसानदेह

नमक केवल उच्च रक्तचाप का कारण नहीं होता। यह लिवर को भी हानि पहुंचाता है। यूएस में चूहों पर एक सर्वेक्षण किया गया, जिसमें ज्यादा नमक खाने पर लिवर में कई सारे बदलाव देखे गए। मसलन कोशिकाओं का प्रसार न होना। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि ज्यादा नमक खाने के कारण नए सेल पनपने से पहले ही खत्म हो गये। इससे ही लिवर फाइब्रोसिस की समस्या हो जाती है। शोध में अधिक नमक के असर को कम करने के लिए विटामिन सी लेने पर जोर दिया गया है।

## मोटापा है समस्या

मिलान यूनिवर्सिटी में 323 मरीजों पर किये गये एक शोध में पाया गया है कि जिनके शरीर का निचला हिस्सा भारी होता है, वे आमतौर पर नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज से पीड़ित होते हैं। एनएएफएसडी एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लिवर मोटा हो जाता है। जिन लोगों की कमर का नाप 36 से 40 इंच के करीब था, उनमें फैटी लिवर के मामले अधिक पाए गए।

## ज्यादा देर बैठना है खतरनाक

देर तक एक ही जगह बैठे रहने की वजह से नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर का खतरा बढ़ जाता है। साउथ कोरिया में एक जगह ज्यादा देर तक बैठे रहने वाले 1,40,000 लोगों पर हुए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी। इसमें 40,000 लोग लिवर की समस्या से ग्रसित पाये गये। ब्रिटेन यूके की न्यू कैसले यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइकल आई टर्नेल के अनुसार हमारे शरीर की बनावट ऐसी है कि उसे स्वस्थ रखने के लिए सक्रिय रहना जरूरी है। अगर मूवमेंट्स कम हैं तो लिवर की सेहत बिगड़ने लगती है।

## सुधारें जीवनचर्या

- शराब न पिएं। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित शराब पीने वाले एक चौथाई लोग लिवर की परेशानियों से पीड़ित होते हैं। धूम्रपान भी नुकसानदेह है।
- खुद से दवाएं न लें। गलत दवाओं का असर लिवर पर पड़ता है। खुद आईब्रूफेन, एस्पिरिन जैसी दवाएं न लें।
- फैटी लिवर की समस्या मोटापे से जुड़ी है। वजन को नियंत्रित रखें। नियमित व्यायाम करें और अपने आहार से उन चीजों को दूर करें, जिनसे मोटापा बढ़ता है।
- बहुत ज्यादा नमक और चीनी का सेवन ना करें।

## 35 के बाद कराएं जांच

- 35 के बाद एक बार लिवर फंक्शन टैस्ट करा लेना चाहिए। लिवर में एलानाइन और एसपारटेट एंजाइम्स का बढ़ा सीरम स्तर लिवर गड़बड़ी का संकेत देता है।
- हेपेटाइटिस ए और बी की वैक्सीन की पूरी खुराक लें।

हेपेटाइटिस सी और ई की वैक्सीन अभी तक उपलब्ध नहीं है, इससे बचने के लिए सावधानी रखना ही बेहतर है।

# अच्छी सेहत के लिए नींबू-शहद

इस बात से आप वाकिफ होंगे कि सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। नींबू के रस के साथ शहद लेना कई दृष्टि से सेहत के लिए लाभप्रद है...



### हाजमा सुधारे-

अच्छे पाचन के लिए सुबह गर्म पानी में शहद और नींबू मिलाकर पीना चाहिए। यह पेट को साफ करने में मदद करता है। यह लिवर में रस के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाता है। इस कारण पाचन में मदद मिलती है। नींबू में मौजूद एसिड आपके पाचन तंत्र में मदद करते हैं। वहीं शहद एक एंटीबैक्टीरियल के रूप में कार्य करता है और आपके शरीर में मौजूद किसी भी तरह के संक्रमण को दूर करने में मदद करता है।

### कब्ज दूर करे

नींबू व शहद का मिश्रण कब्ज दूर करता है। यह पेट साफ करने में मदद करता है।

### अन्य लाभ

नींबू के रस और शहद को गुनगुने पानी के साथ लेने से सांसों की बदबू को दूर करने में मदद मिलती है। नींबू लार ग्रंथियों को सक्रिय कर जीवाणुओं को मार कर मुंह शुद्ध करने में मदद करता है।

### वजन घटाने में मददगार

शहद और नींबू के साथ गर्म पानी लेने से भूख कम लगती है। शहद और नींबू के साथ गर्म पानी में बड़ी मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो भूख की इच्छा और शु÷र का स्तर को कम करके पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करता है। दिन की शुरुआत गुनगुने पानी के साथ शहद और नींबू के साथ करने से आपका वजन कम हो सकता है।

recipe

# नाश्ते के लिये झटपट तैयार करें राजस्थानी दाल पूड़ी



**4 लोगों के लिए**

**सामग्री -** पूड़ी के लिये गेहूं का आटा - 400 ग्राम (2 कप), दही - 2 टेबल स्पून, अजवायन, नमक - स्वादानुसार तेल - 1 टेबल स्पून दाल की पिठ्ठी के लिये- मूंग दाल - 150 ग्राम, हरी मिर्च - हरा धनिया - आधी छोटी कटोरी (साफ करके मोटा-मोटा काट लें) अदरक - 1 इंच लंबा टुकड़ा, धनिया पाउडर - 1 छोटी चम्मच, नमक - स्वादानुसार (आधी छोटी चम्मच) तेल-पूड़ी तलने के लिये

**विधि-**

दाल- पूड़ी बनाने के लिये सबसे पहले मूंग दाल को साफ करके अच्छी तरह से धो लीजिये और उसके बाद 2 घंटे के लिये पानी में भिगो कर रख दीजिये। 2 घंटे बाद दाल से पानी निथार कर उसे 1-2 बार और धो लीजिये और फिर मिक्सर में यह दाल, हरी मिर्च, हरा धनिया व अदरक डालकर बिना पानी मिलाए या बहुत ही कम पानी मिलाए बारीक पीस लीजिये। अब इस दाल के पेस्ट में धनिया पाउडर व नमक मिला कर रख दीजिये और तक तक आटा गूथ लीजिए।

आटा गूथने के लिये एक बर्तन में आटा छान कर उसमें दही, अजवायन, नमक व तेल मिलाइये और गुनगुने पानी से नरम आटा गूथ कर आधे घंटे के लिये ढककर रख दीजिये ताकि आटा अच्छे से सैट हो जाए। अब आटे में से थोड़ा सा आटा लेकर उसकी लोई बनाइये और उसे पूड़ी जितना बेल कर उसके ऊपर एक या डेढ छोटी चम्मच दाल का पेस्ट फैला दीजिए।

कढ़ाई में तेल गर्म कीजिये (तेल कितना गर्म हुआ है य ह जानने के लिये आटे से थोड़ा सा आटा निकाल कर हाथ से दबाकर गरम तेल में डालिये और यदि आटा जल्दी से कढ़ाई के तले पर उठकर व फूलकर तैरने लगे तो समझिये कि आपका तेल पूड़ी तलने के लिये तैयार है) और दाल वाली सतह को नीचे की तरफ रखते हुए दाल पूड़ी को तेल में डाल दीजिये। जब पूड़ी की दाल वाली सतह हल्की ब्राउन हो जाए और पूड़ी फूल जाए तो उसे पलट कर दूसरी तरफ से भी ब्राउन होने तक तल लीजिये। सभी पूड़ियां इसी तरह तल कर पेपर नैपकिन लगी प्लेट में निकाल लीजिए।

राजस्थानी दाल पूड़ी तैयार है। अब इसे अलग प्लेट में निकाल कर गरमा गरम आलू मटर की सब्जी, मटर पनीर की सब्जी या अपनी पसंद की किसी भी सब्जी के साथ परोस कर खाने का मजा ले।

# नाश्ते में बनाये गर्मागर्म बेसनी कचौड़ी



**8 लोगों के लिए**

**सामग्री -**

600 ग्राम मैदा, 250 ग्राम बेसन, एक चम्मच लाल मिर्च, एक चुटकी हींग, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए घी।

**विधि -**

500 ग्राम मैदा रोटी के आटे की तरह गूंध लें। बेसन में नमक, हींग, मिर्च डालकर मैदा की तरह गूंध लें।

मैदा की लोई बनाकर इसमें बेसन कचौड़ी की तरह भर लें। टिकिया को बची मैदा का पलोथन अच्छी तरह लगा-लगाकर पतली बेल लें। जितनी पतली बेलेंगी उतनी ही अच्छी होगी।

कड़ाही में घी खूब गर्म करके उसमें कचौड़ी डालें। डालते ही यह फूल जाएगी। यदि कुछ कम फूले तो उलटने से फूल जाएगी। अच्छी तरह सिकजाए तो उसे घी से निकाल लें। इसे अचार के साथ सर्व करें। यह कचौड़ी आठ दिन तक खराब नहीं होती।



# अपनी आलोचनाओं से तिलमिलाईं पूनम पांडे

सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुक करने के लिए अपनी मौत की फर्जी खबर फैलाने को लेकर आलोचना का शिकार हो रही मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है और कहा मुझे मार डालो, मुझे सूली पर चढ़ा दो, मुझसे नफरत करो, लेकिन, जिसे तुम प्यार करते हो, उसे बचाओ। शबांग नाम की मार्केटिंग एजेंसी, जो पांडे के साथ मिलकर इस अभियान को चला रही थी, ने भी माफी जारी करते हुए कहा, हां, हम हाउटरफ्लाई के साथ मिलकर सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूनम पांडे की पहल में शामिल थे। शुरुआत करने के लिए हम दिल से माफी मांगना चाहेंगे। विशेष रूप से उन लोगों के प्रति जो किसी भी प्रकार के कैंसर की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं या उनके प्रियजन कर रहे हैं।

हाउटरफ्लाई एक लाइफस्टाइल और एंटरटेनमेंट पोर्टल है, जो मिलेनियल विमेन को लक्षित करता है। नाटकीय घोषणा को समझाते हुए, जिसे कई लोगों ने सस्ते पीआर स्टंट के रूप में देखा, पांडे की एजेंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया, हमारा एक्शन एकमात्र मिशन था कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाना। साल 2022 में भारत में 1,23,907 सर्वाइकल कैंसर के केस और 77,348 मौतें दर्ज की गई। ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर भारत में मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं को प्रभावित करने वाली दूसरी सबसे ज्यादा घातक बीमारी है। आप में से बहुत से लोग अनजान हो सकते हैं, लेकिन, पूनम की अपनी मां ने कैंसर से बहादुरी से लड़ाई लड़ी है। इतने करीब से इसे देखने और पर्सनल लाइफ में इस तरह की बीमारी से लड़ने की चुनौतियों से गुजरने के बाद पूनम रोकथाम के महत्व और जागरुकता की गंभीरता को समझती हैं। खासकर जब वैक्सीन मौजूद हो। यह दावा करते हुए निष्कर्ष निकाला गया,इस देश के इतिहास में यह पहली बार है कि सर्वाइकल कैंसर शब्द 1,000 से ज्यादा हेडलाइन में है। यह दोहराते हुए कि इस पहल के कारण जिन लोगों को ठेस पहुंची है, उनसे वह माफी मांगती है, एजेंसी ने कहा, 卐हम समझते हैं कि हमारे तरीकों ने अप्रोच के बारे में बहस छेड़ दी होगी। हमें किसी भी परेशानी के लिए खेद है, लेकिन अगर इस कदम के बाद बहुत जरूरी जागरुकता फैलती है और मौतों को रोका जा सकता है, तो ये इसका वास्तविक प्रभाव होगा।




# श्रद्धा कपूर ने शेयर किया फोटो दिया अपनी शादी का हिंट

साल 2024 की शुरूआत होते ही कई सेलेब्स की शादी की खबरें सामने आने लगी हैं। जहां एक तरफ रकुल प्रीत सिंह अपनी शादी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। तो वहीं इस लिस्ट में अब शक्ति कपूर की बेटी का नाम भी जुड़ने वाला है। श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी शादी की खबरों को हवा दी है। श्रद्धा कपूर अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अकसर ही अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती नजर आती हैं, जो देखते ही देखते वायरल हो जाती हैं। अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा कभी-कभी अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में आ जाती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है और साथ ही एक सवाल भी पूछा है। जिसे देखने के बाद एक्ट्रेस की शादी की खबरें तेज हो गई हैं।

एक्ट्रेस के आज के कैप्शन के बाद उनके फैंस अंदाजा लग रहे हैं कि एक्ट्रेस ने शादी का मन बना लिया है। दरअसल श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिनमें वह बहुत ही सुंदर लग रही हैं। तस्वीरों में वह गुलाबी रंग की सूट पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने सूट के साथ लंबे गोल्डन झुमके पहने हुए हैं और बिंदी भी लगाई हुई है। अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'अच्छी लग रही हूं, शादी कर लूं?

श्रद्धा कपूर की फोटो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि हां हां जरूर जल्दी-जल्दी। एक यूजर ने लिखा कि' शादी के लिए पंडित चाहिए तो मुझे ही बुलाना।' एक यूजर ने लिखा कि 'ट्रैफिक जाम हो गया है, इस फोटो की वजह से।' एक यूजर ने लिखा कि 'मुझे 21 साल का तो होने दीजिए।' एक यूजर ने लिखा 'पापा शक्ति कपूर से पूछ रही हो या मुझसे। मैं तो तैयार हूं।' श्रद्धा कपूर ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मैं जब भी शादी करूंगी और जिससे भी करूंगी, मैं उस शख्स के साथ पूरी तरह क्रैक होने वाली हूं। श्रद्धा के वर्कफ्रंट की बात करें तो 'तू झूठी मैं मक्कार' के हिट के बाद श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्मों 'स्त्री 2' और 'चंदू चैम्पियन' की शूटिंग में बिजी हैं। ये फिल्में अगले साल तक रिलीज होंगी। अब फिल्मफेयर के करीबी सूत्रों की मानें तो श्रद्धा और राहुल मोदी की नजदीकियां बढ़ रही हैं। श्रद्धा के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो उनकी अगली फिल्म स्त्री 2 है, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। फिल्म की रिलीज डेट 31 अगस्त है। उनके पास नागिन और चालबाज जैसी फिल्में भी हैं। श्रद्धा की पिछली फिल्म पिछले साल रणबीर कपूर के साथ आई तू झूठी मैं मक्कार थी।

# लापता लेडीज के लिए आमिर खान ने भी दिया था ऑडिशन



किरण राव फिल्म लापता लेडीज से 13 साल के बाद बतौर निर्देशक वापसी कर रही हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में किरण ने पर्दे के पीछे का एक दिलचस्प विवरण साझा किया। उन्होंने खुलासा किया कि उनके पूर्व पति आमिर खान ने फिल्म में रवि किशन की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था। हालांकि, उनके ऑडिशन टेप को देखने के बाद, किरण को लगा कि रवि इस भूमिका में आमिर से आगे निकल गए। जब आमिर से लापता लेडीज में एक विशेष भूमिका निभाने के बारे में पूछा गया, तो किरण ने स्वीकार किया कि उनके और आमिर के बीच इस बात पर बहुत चर्चा हुई थी कि क्या उन्हें रवि किशन द्वारा निभाया गया मनोहर का किरदार निभाना चाहिए। एक बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि आमिर ने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था और वे वास्तव में अच्छा था, लेकिन जब किरण ने उन्हें रवि किशन का ऑडिशन टेप दिखाया, तो आमिर इस बात पर सहमत हो गए कि किशन इस भूमिका के लिए उपयुक्त हैं।

किरण ने कहा, रवि किशन ने इस किरदार में पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया, क्योंकि आप नहीं जानते कि उनसे क्या उम्मीद की जाए। जब आमिर किसी भूमिका में होते हैं, तो वे अपने किरदार के लिए उम्मीदें स्थापित कर लेते हैं। आमिर उस फैसले पर पूरी तरह सहमत थे कि रवि इसे बेहतर तरीके से कर सकते हैं और शायद,वे इसके साथ पूरा न्याय नहीं कर पाए। किरण ने अपनी कास्टिंग पसंद और जानबूझकर फिल्म में कम जाने-पहचाने चेहरों को चुनने को लेकर भी विचार साझा किए। उन्होंने बताया, मैं वास्तव में भाग्यशाली थी, क्योंकि आमिर इस विचार का पूरी तरह से समर्थन किया था। उन्होंने यह भी दृढ़ता से महसूस किया कि कहानी को ऐसे चेहरों के साथ और प्रामाणिक बनाने की जरूरत है, जो इस ग्रामीण परिवेश में बहुत विश्वसनीय होने के लिए पर्याप्त ताजा हों और साथ ही इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश न करें। लापता लेडीज अनुभवी अभिनेताओं और नए चेहरों के मिश्रण के साथ एक ताजा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है।



# मैं लंबे समय से शिव भक्त हूं

अक्षय कुमार अपने यूजिक वीडियो शंभू के साथ एक शक्तिशाली अनुभव दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से शिव भक्त रहे हैं। 2023 की फिल्म ओएमजी 2 में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अक्षय ने कहा- शंभू मेरे दिल में एक गहरी जगह से आता है, जो केवल जय श्री महाकाल के नाम से धड़कता है! मैं लंबे समय से शिव भक्त रहा हूं लेकिन हाल ही में उनके साथ मेरा संबंध और उनके प्रति भक्ति और भी गहरी हो गई है। एक्शन स्टार का कहना है कि भगवान शिव शक्ति हैं, प्रेम हैं और जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं। अक्षय ने कहा, वह उद्धारकर्ता हैं, वह समर्पण हैं, जिसके प्रति हम सभी समर्पण करना चाहते हैं, वह सब कुछ हैं और अंत हैं। इस गीत के साथ, मैं बस उस अनंत चेतना को एक बूंद अर्पित करता हूं, जो शिव हैं! जय श्री महाकाल। शिव गान को बहुमुखी प्रतिभा के धनी अक्षय ने सुधीर यदुवंशी और विक्रम मॉन्ट्रोज़ के साथ गाया है। टाइस यूजिक के सीईओ मंदार ठाकुर ने कहा, हम इस दिव्य संगीत उद्यम में अक्षय कुमार के साथ सहयोग करके रोमांचित हैं।

# संदीप को आमिर से आमने सामने करनी चाहिए बात



संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल को लेकर हाल के दिनों में खूब विवाद हो रहा है। एनिमल साल 2023 की सबसे बड़ी हिट रही, फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया लेकिन फिल्म में महिला किरदार को लेकर कुछ लोगों ने इसकी आलोचना भी की। हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म की आलोचना करने को लेकर किरण राव पर प्रतिक्रिया दी थी। संदीप ने कहा था किरण राव को उनकी फिल्मों पर टिप्पणी करने से पहले आमिर खान के काम को देखना चाहिए। संदीप की इस प्रतिक्रिया का जवाब देते हुए किरण ने कहा, उन्होंने कभी भी उनकी किसी फिल्म का नाम नहीं लिया। किरण ने आगे कहा कि अगर संदीप को कुछ कहना तो उन्हें आमिर से आमने-सामने बात करनी चाहिए।



# ड्रीम गर्ल बन दिलों पर राज करने को तैयार करिश्मा कपूर

**बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही मर्डर मुबारक के साथ अपना कमबैक करेंगी। सस्पेंस, कॉमेडी और रोमांस से भरपूर ये फिल्म 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आज नेटफ्लिक्स ने एक वीडियो साझा कर मर्डर मुबारक की घोषणा की है। निर्देशक होमी अदजानिया ने इसे निर्देशित किया है।**

मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। मर्डर मुबारक अनुजा चौहान की किताब क्लब यू टू डेथ का स्क्रीन रूपांतरण है। मेकर्स आज फिल्म का एक वीडियो साझा किया है। यह वीडियो बेहद ही रोचक है। इसे देखने के बाद फिल्म का देखने का उत्साह और बढ़ गया है। करिश्मा कपूर के सथ इसमें इसमें सारा अली खान, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा और सुहैल नैय्यर जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। ये सभी कलाकार फिल्म में कुशलतापूर्वक अपने किरदारों के गुप्त उद्देश्यों को छिपाते हैं। वहीं, पंकज त्रिपाठी भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे, जो एक गैर-पारंपरिक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। वह एक बाहरी व्यक्ति के रूप में उनकी दुनिया में कदम रखते हैं। वह जानते हैं कि वहां जो दिखता है उससे कहीं अधिक है। फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया ने कहा, मर्डर मुबारक उन अभिनेताओं का एक सिनेमाई मिश्रण है, जिन्हें विभिन्न शैलियों और पीढ़ियों से प्यार किया जाता है और मेरा विश्वास है कि उनमें से हर एक ने इन विलक्षण पात्रों को जीवन में लाने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। इस फिल्म में वह जबरदस्त जादू है, जो इसे देखने के लिए बाध्य करता है। यह एक रंगीन हत्या का रहस्य है, जो आपको इसे दोबारा देखने पर मजबूर कर देगा। वहीं, मैडॉक फिल्म्स के निर्माता, दिनेश विजन ने कहा, यह छठा प्रोजेक्ट है जिसमें होमी और मैं काम कर रहे हैं और मैं एक अनोखी मनोरंजक कहानी ढूंढकर आगे बढ़ना चाहता था और फिर ऐसा हुआ। इसके अलावा, इस तरह के एक विविध समूह के साथ एक ऐसी स्क्रिप्ट को जीवंत करना, जो मेरे द्वारा पढ़ी गई सबसे विचित्र और अधिक मनोरंजक हत्या के रहस्यों में से एक है, मेरे लिए बहुत रोमांचक थी।



# प्रभास की कल्कि 2898 एडी में खास भूमिका निभाएंगे जूनियर एनटीआर-नानी

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी कल्कि 2898 एडी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। प्रभास की यह फिल्म इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी फैंस का उत्साह बढ़ा देती है। फिल्म में प्रभास के साथ कई सितारे हैं और तमाम सितारों से सजी यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने का वादा कर रही है। अब फिल्म में कुछ और अभिनेताओं के शामिल होने की खबर आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, विजय देवरकोंडा फिल्म में अतिथि भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा ऐसी अटकलें हैं कि साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और नानी की भी भूमिकाएं होंगी। यह अफवाह है कि जूनियर एनटीआर परशुराम का किरदार निभा सकते हैं, जबकि कहा जाता है कि नानी फिल्म के चरमोत्कर्ष से पहले कृपाचार्य की भूमिका निभाएंगे। अभिनेता विजय देवरकोंडा इवाडे सुब्रमण्यम में नाग अश्विन के साथ अपने पिछले सहयोग पर आधारित फिल्म में एक कैमियो कर रहे हैं। प्रशंसक बेसब्री से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि विजय की भूमिका कहानी में उत्साह बढ़ाएगी। इसके अतिरिक्त दुलकर सलमान के भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अफवाह है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गई है। प्रभास के प्रशंसक कल्कि 2898 एडी में उनकी भूमिका का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो समय यात्रा अवधारणाओं के साथ महाभारत महाकाव्य का एक विशिष्ट मिश्रण है। संतोष नारायणन ने संगीत का निर्देशन किया है। वहीं, अश्विनी दत्त और वैजयंती मूवीज के बैनर तले फिल्म का निर्माण हुआ है। यह फिल्म इस साल गर्मियों में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# छत्रपति शिवाजी महाराज का रोल प्ले करेंगे शाहिद कपूर

2018 की हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म पद्मावत में राजा रावल रतन सिंह की बेहतरीन भूमिका निभाने के बाद शाहिद कपूर जल्द ही छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही हिस्टोरिकल फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले हैं। इस फिल्म को ओह माय गॉड 2 फिल्म के डायरेक्टर अमित राय डायरेक्ट करने वाले हैं। ये आने वाले दिनों की मेगा बजट फिल्मों में से एक होगी। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद कपूर, ओह माय गॉड 2 के डायरेक्टर अमित राय से इस प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। ये हिस्टोरिकल फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित होने वाली है, जिसे अश्विन वर्दे के बैनर वकाओ फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। दोनों के बीच पिछले कई दिनों से चर्चा जारी है, जो लगभग फाइनल स्टेज पर है। अमित राय की बात करें, तो उन्होंने 2023 में रिलीज हुई हिट फिल्म ओह माय गॉड 2 का डायरेक्शन किया है। इससे पहले उन्होंने एक हिंदी फिल्म रोड टू संगम का निर्देशन किया था। मराठी फिल्म तिंग्या के वे एसोसिएट डायरेक्टर रहे हैं। 2023 की पंजाबी फिल्म डियर जस्सी उन्होंने लिखी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनी ये फिल्म अमित राय के निर्देशन की तीसरी फिल्म होगी।



# मतुआ समाज से सांसद व केंद्रीय मंत्री ने किया संवाद

## समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** केन्द्रीय जहाजरानी, बंदरगाह तथा जल मार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर तथा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने नोएडा में श्री श्री शांति हरि मतुआ सेवा समिति द्वारा आयोजित मतुआ समाज महासम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर मतुआ समाज के बंधुओं से संवाद किया तथा समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवक जनों को सम्मानित किया।

सांसद ने शांतनु ठाकुर का नोएडा आगमन पर अभिनंदन किया एवं कहा कि मतुआ समाज पश्चिम बंगाल का एक महत्वपूर्ण समुदाय है। वे सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए संघर्ष करते हैं। मतुआ समाज के सदस्य अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं। उन्हें विविध समाज सुधारों के लिए उत्साहित किया जाता है। इस समाज के सदस्य समाज में न्याय और समानता की मांग करते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य समाज का धार्मिक और सामाजिक उत्थान है।

# कुख्यात माफिया अतीक अहमद का 'मन्नत' कुर्क

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया अतीक अहमद की संपत्ति की नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा टोह नहीं ले पाया। पुलिस ने उस संपत्ति को आज कुर्क कर दिया। इस संपत्ति की कीमत करीब 7 करोड़ रूपये बताई जाती है।




ग्रेटर नोएडा के अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) अशोक कुमार ने बताया कि बुधवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 स्थित ए-107, मकान को कुर्क कर दिया गया है। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचकर अधिकारियों ने मन्नत के नाम से मौजूद मकान मुनादी कराते हुए कुर्क कर दिया तथा उसे सील कर दिया।


बता दें कि नोएडा तथा ग्रेटर प्राधिकरण के प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ने पत्र भेजकर अतीक अहमद तथा उसके परिजनों से जुड़ी संपत्तियों का ब्यौरा तलब किया था। लेकिन दोनों प्राधिकरण वह ब्यौरा नहीं दे पाये। इसके बाद प्रयागराज की पुलिस ने पता करके गौतमबुद्ध पुलिस कमिश्नरेट को सेक्टर-36 स्थित मकान की जानकारी तथा उसे कुर्क करने को कहा। अंततः आज अतीक अहमद के 'मन्नत' को कुर्क कर दिया।

बताया जाता है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा वर्ष-1994 में 500 वर्ग मीटर के इस भवन को आवंटित किया था। जिस पर 2 मंजिला भवन बना है। अतीक अहमद ने 8 वर्ष पूर्व इस मकान को खरीदा था। इस मकान में रहकर अतीक अहमद के बेटे ने पढ़ाई की थी। अतीक भी यहां कई बार आ चुका है। उसने यह मकान अपने बेटे की पढ़ाई के लिए ही खरीदा था। आज उसे कुर्क कर दिया गया।

# बिल्डर्स से बकाया रकम वसूली प्रशासन के लिए बना सिरदर्द!

**नोएडा (चेतना मंच)।** सरकार द्वारा रियायतों व ब्याज माफी का पिटारा खोलने के बाद भी बिल्डर बकाया राशि जमा करने का नाम नहीं ले रहे हैं। आलम यह है कि अभी तक उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण यानि यूपी रेरा द्वारा जारी 3277 आरसी के मुकाबले 2647 आरसी के तहत करीब 9.5 अरब रूपये की बकाया राशि वसूलना बाकी है।

1 **2647 आरसी के जरिये 9.5 अरब रूपये की होनी है वसूली**




बता दें कि यूपी रेरा ने बकायेदार बिल्डर्स से वसूली के लिए दिसंबर 2023 तक 3277 आरसी जारी की थी। इसमें से जिला प्रशासन 173 आरसी के मुकाबले बिल्डर्स से 5 अरब 11 करोड़ 39 लाख रूपये की वसूली कर चुका है। इस बीच बिल्डर तथा खरीददार के बीच हुए समझौते के तहत 457 आरसी वापस हो चुकी है। जिसमें दादरी तहसील के तहत 301 तथा सदर तहसील के तहत 156 आरसी थी। इन 457 आरसी के जरिए 2 अरब 38 करोड़ 77 लाख रूपये की वसूली होनी थी। इन सभी को हटा दे तो अब 2647 आरसी के सापेक्ष जिला प्रशासन को बकायेदार बिल्डर्स से 9 अरब 5 करोड 27 लाख की वसूली करनी है।

यूपी रेरा अब तक 3277 आरसी जारी कर चुका है। जिसमें दादरी तहसील की 3276 तथा सदर तहसील की 901 आरसी थी। लेकिन अब 2647 आरसी के जरिए करीब 9.5 अरब रूपये की वसूली प्रशासन के लिए मुसीबत साबित हो रही है।

### श्रीमती राजकुमारी देवी मेमोरियल निःशुल्क महिला

# सिलाई स्कूल ने 7 छात्राओं को बांटे प्रमाण-पत्र

**नोएडा (चेतना मंच)।** लायंस क्लब नोएडा द्वारा संचालित श्रीमती राजकुमारी देवी मेमोरियल निशुल्क महिला सिलाई स्कूल का अर्धवार्षिक पाठ्यक्रम पूरा होने पर प्रशिक्षण ले रही। छात्राओं को प्रमाण पत्र बांटे गए। यह सिलाई स्कूल लायंस क्लब नोएडा का स्थाई सेवा प्रोजेक्ट है जिसे वर्ष 2023/24 के लिए लायन विपिन बंसल सिंह द्वारा स्पॉन्सर किया गया है। सभी प्रशिक्षार्थियों ने अपने सिले गए वस्त्रों की एक प्रदर्शनी भी लगाई।



लायंस क्लब अध्यक्ष लायन पूनम गुप्ता ने कहा कि यह सिलाई प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक सार्थक प्रयास है। क्लब की महासचिव श्रीमती अरुण बंसल सिंह ने इस प्रयास को लायंस क्लब नोएडा का अत्यंत सफल और सकारात्मक कदम बताते हुए अपील की कि अधिक से अधिक लोगों तक इसका प्रचार हो सके ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इस सेवा का लाभ मिल सके। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की अध्यक्षा श्रीमती जयश्री श्रीवास्तव ने बताया की स्कूल की अध्यापिका श्रीमती शोभा सक्सेना द्वारा बहुत कुशल प्रशिक्षण छात्राओं को दिया जाता है ताकि वह अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें और अपने घर परिवार के लोगों के कपड़े सिल सकें और आवश्यकता पड़ने पर पूर्णतया आत्मनिर्भर हो सकें। बैठक में बैठक में श्रीमती पूनम गुप्ता, अरुण बंसल सिंह, जयश्री श्रीवास्तव, ला श्रीमती मधु सिंह, श्रीमती लीना चौहान, नीलम बिष्ट, श्रीमती शोभा सक्सेना,ला उमेश कुमार, ला आर एन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण पर तीसरे दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन

**नोएडा (चेतना मंच)।** बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर पांच स्थित कार्यालय पर सैकड़ो कर्मचारियों का शांतिपूर्ण धरना जारी रहा। लेकिन इस दौरान कोई भी अधिकारी धरनारत कर्मचारियों से मिलने नहीं आया।



अस्थाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा तथा महासचिव विनोद शर्मा ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सभी कर्मचारी बेमियादी धरने पर बैठे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बृहस्पतिवार तक कोई समाधान नहीं निकला तो शुक्रवार से सभी कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में सभी अस्थाई व संविदा कर्मचारियों को सीधे विभाग से जोड़ने की है। यह मांग 1986 से लंबित पड़ी है। इसके अलावा कर्मचारियों को ईएसआईसी की सुविधा बहाल की जाए, इसके अलावा नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर अस्पतालों में ओपीडी के लिए 3000 रूपये खर्चा दिया जाए, नौकरी से निकाले गए सभी कर्मचारियों को वापस किया जाए, कर्मचारियों को पहचान-पत्र प्रदान किया जाए तथा दीपावली पर उपहार एवं बोनस दिया जाए, सस्ती दरों पर उनको फ्लैट तथा प्लाट दिया जाए, कर्मचारी की ऑन ड्यूटी मृत्यु पर 5 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए तथा उनके उनके आश्रितों को नौकरी पर रखने का लिखित आश्वासन दिया जाए, वहीं कर्मचारियों की अंत्येष्टि पर 10000 रूपये का न्यूनतम खर्च प्रदान किया जाए।

# सेक्टर-52 डी ब्लॉक की खुली गुंडागर्दी

## सेक्टर की सड़कों पर लगा दिये बैरियर, बना दी स्थाई पार्किंग





**नोएडा ( चेतना मंच )।** डी-1 आरावली एपार्टमेंट आरडब्ल्यूए ने सीईओ से की लिखित शिकायत

नोएडा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की धज्जियां उड़ाकर सेक्टर-52 डी ब्लॉक के कोठी मालिकों ने जबरन सड़क पर लोहे के बैरियर लगा दिये तथा कारों की स्थाई शेड बनाकर पार्किंग बना दी। जिसके कारण डी-1 आरावली एपार्टमेंट के 800 परिवारों के सदस्यों का निकलना तथा प्रवेश करना दूभर हो गया है। आरडब्ल्यूए ने इसकी लिखित शिकायत नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम से की है।

सेक्टर-52 डी-1 आरावली एपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ओपी यादव तथा अन्य निवासियों ने बताया कि उनकी सोसायटी में वैसे 6 गेट हैं। जिसमें दो गेट खुले रहते है।। गेट नं-1 प्रवेश के लिए तथा गेट नं-4 निकासी के लिए। कोरोना काल में गेट नं-4 को बंद कर दिया गया था। अब जब गेट नं-4 खोला गया तो डी ब्लॉक के निवासी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने इस गेट नं-4 के आसपास सड़क पर दो लोहे के बैरियर लगा दिये तथा सड़कों पर विधिवत स्थाई शेड बनाकर गाड़ी की पार्किंग बना दी। जिससे आरावली एपार्टमेंट में रह रहे 800 परिवारों के बुजुर्ग, बच्चे महिलाएं तथा अन्य लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है।

आरोप है कि डी ब्लॉक के लोगों का कहना है कि कहीं भी शिकायत कर लो बैरियर नहीं हटेंगे और न ही स्थायी पार्किंग हटाएंगे। यहां पर शांति भंग का भी अंदेशा बना हुआ है।

